आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 5 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-158 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### पुलिस जवान ने बैरक में खुद को मारी गोली

**भानुप्रतापपुर ,5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में जवानों के आत्महत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. एक ताजा मामला कांकेर जिले से आया है. यहां पुलिस जवान ने बैरक में खुद को गोली मार ली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. ASP भानुप्रतापपुर संदीप पटेल ने घटना की पुष्टि की है. मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर के लोहात्तर थाना परिसर के बैरक में जिला पुलिस के जवान जागृत भंडारी ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली. यह घटना आज सुबह करीब 9 बजे की है. आनन फानन में गंभीर रूप से घायल जवान को इलाज के पास के अस्पताल में ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर किया गया है. जवान जागृत भंडारी घोटिया गांव जिला मोहला-मानपुर का निवासी है. जवान ने किन कारणों से ऐसा कदम उठाया, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि दो दिन पहले अंतागढ़ के कोसरोंडा में सीमा सुरक्षा बल के जवान ने आत्महत्या की थी.

### नौटंकियों से नहीं चलेगी राजनीति : गृहमंत्री

**रायपुर ,5 अगस्त।** रायपुर के साइंस कॉलेज में एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच भिड़ंत हो गई. घटना पर एफआईआर के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के धरने पर बैठने पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि इस तरह की नौटंकियों से राजनीति नहीं चलती है. गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एफआईआर हो चुका था. इस बात की जानकारी देने के बाद भी पीसीसी चीफ दीपक बैज धरने पर बैठे थे. ऐसी नौटंकियों से राजनीति नहीं चलती है. जनता सब देख रही है. ऐसे मुद्दों पर राजनीति करना अशोभनीय है. राजनीति मूल्यों पर बात की जाए तो अच्छा है.गृहमंत्री विजय शर्मा बिलासपुर रेंज की समीक्षा बैठक लेंगे. बैठक को लेकर गृह मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ की पुलिस को ध्वस्त किया था. पहले रेंज की बैठक है, एक-एक करके सभी संभाग में बैठक ली जाएगी. NDPS के मामले में एक्शन को लेकर चर्चा होगी. विभिन्न विषयों पर फीडबैक का प्रयास किया जा रहा है. आरक्षकों की ट्रेनिंग प्रोग्राम भी नियमित कराई जाएगी. जल्द ही संयुक्त प्रभाव दिखेगा.

### वीकिपीडिया पर भड़का हाईकोर्ट भारत को पसंद नहीं करते तो देश छोड़ दो

**नई दिल्ली,5 अगस्त।** दुनिया भर की शख्सियतों और घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने वाली वेबसाइट वीकिपीडिया को दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने न्यूज एजेंसी ANI के बारे में डिटेल देने वाले पेज में संशोधन किए जाने के मामले में वीकिपीडिया को अदालत ने नसीहत दी है। बेंच ने कहा कि यदि आप भारत को पसंद नहीं करते हैं तो फिर यहां काम भी न करें। कोर्ट ने कहा कि हम सरकार से कहेंगे कि वीकिपीडिया को भारत में ब्लॉक कर दिया जाए। उच्च न्यायालय ने वीकिपीडिया को अवमानना का नोटिस जारी किया है और पूछा है कि आखिर उसने बेंच के उस आदेश पर अमल क्यों नहीं किया है, जिसमें कहा गया था कि वह उन लोगों के बारे में जानकारी दी। जिन लोगों ने ANI के पेज में बदलाव किए हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने वीकिपीडिया के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। एजेंसी का कहना था कि उसके बारे में दी गई जानकारी में जो संशोधन किए हैं, वह मानहानि भरे हैं। एजेंसी के बारे में किसी ने वीकिपीडिया पेज में संशोधन करते हुए लिख दिया था कि वह मौजूदा सरकार का एक प्रोपेगेंडा टूल है। इसी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने वीकिपीडिया को आदेश दिया था कि वह उन तीन लोगों के बारे में जानकारी दे, जिन्होंने पेज में बदलाव किए थे।



## नक्सलवाद का अंधियारा छंटने से बस्तर में भी शिक्षा का खुल रहा रास्ताः सीएम

# राज्यपाल रमेन डेका ने किया शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर, 5 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राज्यपाल श्री रमेन डेका की उपस्थिति में आज राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी भी उपस्थित रहे। समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने शिक्षक दिवस पर राज्यस्तरीय सम्मान से सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएँ दी. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को रचने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है. भारत उच्च शिक्षा के मामले में शुरू से ही समृद्ध रहा है. दुनिया को शून्य भी भारत ने ही दिया. आर्यभट्ट जैसे गणितज्ञ भारत ने दिए. प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए नई शिक्षा नीति लागू की है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भले ही इंटरनेट की दुनिया में ज्ञान एक क्लिक में उपलब्ध है, लेकिन अनुभाग और जीवन जीने की शिक्षा सिर्फ़ विद्यालय में ही उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का अंधियारा छंटने से बस्तर में भी शिक्षा का रास्ता खुल रहा है. आने वाला दिन,द्ध और रोबोटिक का है, इसमें हमारे बच्चे पीछे नहीं रहेंगे. आदिवासी क्षेत्र में रोबोटिक और AI की शिक्षा प्रारंभ कर दी है. मुख्यमंत्री ने बताया कि नालंदा की तरह 13 स्थानों में हाईटेक लाइब्रेरी की स्थापना की गई है. शासकीय स्कूलों में पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग पर ज़ोर दे रहे हैं. छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में जैसा काम हो रहा है, ऐसे शिक्षकों का सम्मान कर और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है.



रायपुर,5 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अपने सभी गुरुओं का स्मरण किया।

## सहायक शिक्षक पद पर डिप्लोमा धारकों को मिलेगी नियुक्ति

**बिलासपुर,5 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने बीएड डिग्रीधारी प्राइमरी स्कूल शिक्षकों की याचिकाओं को खारिज करते हुए 2 अप्रैल 2024 को हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें शिक्षा विभाग से 42 दिनों के भीतर पुनरीक्षित सूची जारी कर (डीएलएड) डिप्लोमा धारकों को नियुक्तियां देने का आदेश दिया था. राज्य में शिक्षा विभाग ने 2023 में 12489 पदों का विज्ञापन जारी किया था, जिसमें से 6285 पद सहायक शिक्षक के थे. सहायक शिक्षकों की योग्यता को लेकर छत्तीसगढ़ में मामला लंबित था. छत्तीसगढ़ राज्य में सहायक शिक्षकों की पदों पर भी बीएड डिग्रीधारकों को शर्तों के आधार पर नियुक्तियां दे दी गई थी. इसके खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 को बीएड डिग्री को सहायक शिक्षक पद के लिए अमान्य करते हुए शिक्षा विभाग को 42 दिनों के अंदर पुनरीक्षित सूची जारी कर डीएलएड डिप्लोमा धारकों को नियुक्तियां देने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार तथा बीएड डिग्री धारकों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर राज्य सरकार की दो एसएलपी तथा बीएड डिग्रीधारकों की 6 एसएलपी को खारिज कर हाई कोर्ट के फैसले को यथावत रखा है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन ने 4 सितंबर 2023 को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को बीएड उम्मीदवारों की योग्यता को प्राइमरी स्कूल के लिए अवैध माना तथा इसके लिए सभी राज्यों को सूचनार्थ जारी कर दिए गए थे.



## मोदी ने सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनी का किया दौरा

नई दिल्ली ,5 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सिंगापुर समकक्ष लॉरेंस वोंग ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी सिंगापुर कंपनी एईएम होल्डिंग्स लिमिटेड की सेमीकंडक्टर सुविधा का दौरा किया। पीएम मोदी की यात्रा भारत-सिंगापुर संबंधों को व्यापक और रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड करने की दिशा में बढ़ाया गया कदम साबित हो सकता है। दोनों देश सेमीकंडक्टर विनिर्माण में दोनों देशों के बीच तालमेल की तलाश मेंहैं। विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों नेताओं को वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में एईएम की भूमिका, इसके संचालन और भारत के लिए योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सिंगापुर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन ने सिंगापुर में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और भारत के साथ सहयोग के अवसरों पर एक जानकारी दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि सेमीकंडक्टर और प्रौद्योगिकी भारत-सिंगापुर सहयोग के महत्वपूर्ण पहलू हैं। यह भी एक ऐसा सेक्टर है जहां भारत अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है. आज, पीएम वोंग और मैंने एईएम होल्डिंग्स लिमिटेड का दौरा किया। हम इस क्षेत्र में एक साथ काम करने और अपने युवाओं को अधिक अवसर देने के लिए तत्पर हैं। पीएम मोदी ने सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनियों को 11-13 सितंबर, 2024 को ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली सेमीकॉन इंडिया प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। पीएम की यात्रा से पहले, भारत और सिंगापुर ने मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन की दूसरी बैठक की, जिसमें पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए एक स्तंभ के रूप में सेमीकंडक्टर्स पर ध्यान केंद्रित करते हुए एडवांस मैन्युफैक्चरिंग को जोड़ने पर सहमति व्यक्त की गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने सिंगापुर में प्रशिक्षण ले रहे ओडिशा के विश्व कौशल केंद्र के भारतीय प्रशिक्षुओं के साथ-साथ सीआईआई-एंटरप्राइज सिंगापुर इंडिया रेडी टैलेंट प्रोग्राम के तहत भारत का दौरा करने वाले सिंगापुर के प्रशिक्षुओं और एईएम में काम करने वाले भारतीय इंजीनियरों से भी बातचीत की। दोनों प्रधानमंत्रियों की यह यात्रा इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### भारत ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में उठाए कई बड़े कदमः मोदी

**नई दिल्ली, 5 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। मैं इस अद्भुत पहल के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को बधाई देता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए पूरी दुनिया को एक साथ लाता है। यह एक ऐसा त्योहार है जो हमें एक बेहतर ग्रह बनाने में मदद करेगा! नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2015 में, ISA की शुरुआत एक छोटे पौधे के रूप में हुई। यह आशा और आकांक्षाओं का क्षण था। आज, यह नीति और कार्य को प्रेरित करने वाला एक विशाल वृक्ष बन रहा है। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में ISA की सदस्यता 100 देशों के आंकड़े तक पहुंच गई है।

## अग्निवीरों का बढ़ सकता है वेतन

**नई दिल्ली,5 सितंबर।** सेना में जाने की तैयारी कर रहे अग्निवीरों को जल्द ही सरकार बड़ा तोहफा दे सकती है। खबर है कि 4 साल की अवधि के बाद सेना में अग्निवीरों को बरकरार रखने की सीमा बढ़ाई जा सकती है। मौजूदा नियमों के हिसाब से 25 फीसदी अग्निवीर सेवा में बने रहते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इसके अलावा भी अग्निपथ योजना में कई बदलाव हो सकते हैं। सरकार ने साल 2022 में अग्निपथ योजना का ऐलान किया था। रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार अग्निपथ योजना में कुछ बदलावों की योजना बना रही है। इसके तहत ज्यादा अग्निवीर सेना में रिटेन किए जाएंगे। साथ ही उनकी सैलरी में भी बदलाव हो सकते हैं। फिलहाल, रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कहा जा रहा है कि योजनाओं के लाभ और व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बदलाव किए जा सकते हैं। रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि अग्निवीरों को सेवा में बनाए रखने की सीमा बढ़ाने को लेकर चर्चाएं जारी हैं। इसके बाद चार साल की सेवा पूरी कर चुके ज्यादा अग्निवीर सेना का हिस्सा बने रह सकेंगे। फिलहाल, यह आंकड़ा 25 प्रतिशत है। कहा जा रहा है कि सैन्य जानकारों का मानना है कि 25 फीसदी रिटेन करने की सीमा पर्याप्त नहीं है। एक सूत्र ने कहा, जमीन पर लड़ने की ताकत बनाए रखने एक चौथाई आंकड़े को रिटेन करने की संख्या बेहद कम है। उन्होंने कहा, सेना ने सिफारिश की है कि चार सालों के बाद सेवा में बनाए रखे जाने वाले अग्निवीरों की संख्या बढ़ाकर 50 प्रतिशत की जानी चाहिए। खबर है कि सेना ने इस संबंध में सरकार के सामने अपनी सिफारिशें जमा कर दी हैं। इसे लेकर आंतरिक सर्वे भी किया गया था। हालांकि, शीर्ष रक्षा अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया में कुछ समय लग सकता है। साल 2022 में सरकार ने अग्निपथ योजना का ऐलान किया था। योजना के तहत चार साल के लिए अग्निवीरों को तीनों सैन्य सेवाओं (जल, थल और वायु) में नियुक्ति की जानी थी। सालभर में कुल नियुक्ति के 25 फीसदी अग्निवीरों को स्थाई कमिशन मिलता था।

## हरियाणा भाजपा में भगदड़! कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला का इस्तीफा

**नई दिल्ली,5 सितंबर।** हरियाणा में भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का नाम शामिल नहीं है। इसके बाद चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। रणजीत सिंह चौटाला भाजपा द्वारा रानिया विधानसभा से टिकट न दिए जाने से नाराज थे। भाजपा आलाकमान ने आगामी हरियाणा चुनाव के लिए 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची से नौ मौजूदा विधायकों को हटा दिया है। रानिया सीट से बीजेपी ने शीशपाल कंबोज को मैदान में उतारा है। भाजपा नेता रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि मैं रानिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। यह मेरे क्षेत्र के लोगों का फैसला है। मैंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले बीजेपी के रतिया विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 5 अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टिकट देने से भी इनकार कर दिया गया था। भाजपा द्वारा चुनाव के लिए 67 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के तुरंत बाद, नापा ने राज्य पार्टी प्रमुख मोहन लाल बडोली को लिखे एक पत्र में कहा कि वह पार्टी छोड़ रहे हैं और इसकी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। रतिया से पार्टी ने सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को मैदान में उतारा है। 2024 के लोकसभा चुनावों में, हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अशोक तंवर, जो लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे, के बाद दुग्गल को सिरसा संसदीय क्षेत्र से दोबारा नामांकन करने से मना कर दिया गया था। हालांकि, तंवर कांग्रेस की दिग्गज नेता कुमारी शैलजा से हार गए। बुधवार को जारी अपनी पहली सूची में, भाजपा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जो करनाल से मौजूदा विधायक हैं, को लाडवा सीट से मैदान में उतारा और पार्टी में हाल ही में शामिल हुए कई लोगों को





## भाग रहे नक्सलियों से मुठभेड़,छह नक्सली मारे गए

**बीजापुर,5 सितंबर**

बीजापुर जिले की सरहद से लगे तेलंगाना के भद्रादीकोठागुडम जिला और पिनपाका मंडल करकागुडम के जंगल में गुरूवार तड़के छत्तीसगढ़ से तेलंगाना भाग रहे नक्सलियों से ग्रेहाउंडस के जवानों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में छह हार्डकोर नक्सली मारे गए हैं। वहीं दो जवानों के घायल होने की खबर है। घायल जवानों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके से हथियार व विस्फोटक सामग्री भी बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ कमांडर लक्ष्मण समेत अन्य नक्सली जंगल के रास्ते तेलंगाना की ओर जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ग्रेहाउंड फॉर्स ने नक्सलियों को घेर लिया। जिसके बाद दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में जहां छह नक्सली ढेर हो गए हैं। वहीं तेलंगाना पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। इनमें से एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल जवानों को इलाज के लिए भद्राचलम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त कुंजा विरैया, तुलसी, शुक्र, चालो, दुर्गेश व कोटो के रूप में की गई है। ऑपरेशन एसपी पंकज परितोष ने बताया है कि पुलिस के बढ़ते दबाव से नक्सलियों के छत्तीसगढ़ से भाग कर तेलंगाना आने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद ग्रे हाउंड फॉर्स के जवानों ने माओवादियों की तलाशी के लिए अभियान चलाया।



**ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक खेल– पेरिस : 2024** jasclaudius@gmail.com

# सबकी चाहत को पूर्ण करने के लिए प्रयासरत

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

मानवता के लिए खेलकूद बहुत बड़ा वरदान है। मनुष्य ईश्वर की कृति है। शारीरिक अंग के असामान्य होने पर ऐसे व्यक्ति को दिव्यांग कहा जाता है। इनका किसी मनुष्य के किसी भी क्षेत्र में तुलना नहीं की जा सकती है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने खेलकूद के क्षेत्र में शारीरिक समानता, असमानता के संग पूरी तरह न्याय करते हुए सामान्य और असामान्य वर्ग के व्यक्तियों के बीच खेलकूद को बढ़ावा देने की कोशिश जारी रखी है। आईओसी ने जहां सामान्य शारीरिक क्षमता वालों के लिए ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन ओलंपिक खेलों को क्रमशः 1896 व 1924 से शुरू किया है वहीं शारीरिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए 1960 से पैरालिंपिक बहु खेल स्पर्धा आरंभ किया है। इसी तरफ शीतकालीन पैरालिंपिक खेल 1976 में पहली बार स्वीडन में सम्पन्न हुए। मानसिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों को विशेष दर्जा देते हुए उनके लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ओलंपिक वर्ल्ड गेम्स 1968 में प्रारंभ हुए जबकि शीतकालीन विशेष ओलंपिक 1977 में आरंभ हुए। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि पूरी दुनिया के मानवहित को ध्यान में रखते हुए खेलने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति चाहे स्वस्थ हो या अस्वस्थ हो उसके लिए खेलकूद की स्पर्धा का संचालन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) द्वारा कराया जाता है। इसी तारतम्य में 17वें ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक खेलों का आयोजन फ्रांस के पेरिस में 28 अगस्त से 8 सितम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इसमें आईओसी से मान्यता प्राप्त 170 देशों में से 4463 खिलाड़ी 22 खेलों के 549 इवेंट में मुकाबले पर उतरे हैं। इस बहुखेल स्पर्धा के समापन से चार दिन पहले तक भारत ने 5 स्वर्ण, 9 रजत तथा 10 कांस्य सहित 24 पदक जीत लिया। इस प्रकार भारत ने इन खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। निशानेबाज अवनी लेखरा ने 10 मी. एयर रायफल में हमारे देश के लिए पहला स्वर्ण पदक और अपने लिए टोक्यो के बाद दूसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक कुमार निवेश ने बैडमिंटन में जीता। जिस तरह महिला वर्ग में 2020 फिर 2024 के खेलों में एक के बाद एक लगातार दो स्वर्ण जीते उसी तरह जेवलीन थ्रो में भारत के सुमित अंतिल ने पुरुष वर्ग में पहली बार निरंतर दो स्वर्ण पदक जीता है। तीरंदाजी में हरविंदर सिंह ने भी स्वर्ण पदक पर निशाना साधा है। इसके अलावा मनीष नरवाल, निषाद कुमार, योगेश कठुनिया और महिला वर्ग में तुलसीमति मुरुगेसन ने भारत के लिए रजत पदक हासिल किया है। इनके अलावा सुहास यथीराज, अजीत सिंह यादव, शरद कुमार, सचिन खीलारी ने रजत पदक जीता है। मोना अग्रवाल, सुंदर सिंह गुर्जर, मरियाप्पन थंगवेलु, प्रीति पाल ने दो, रुबिना फ्रांसिस, शीतल देवी, राकेश कुमार, मनीषा रामदास, नित्या सिवान तथा दीप्ति जीवांजी ने कांस्य पदक जीता। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने जितनी मेहनत इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आने के लिए अभ्यास के दौरान खेल मैदानों पर पसीना बहाया उसको पदक जीतकर साबित भी किया। केंद्र सरकार के खेल विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा इन खिलाड़ियों को तैयार करहने में खर्च किया गया था। वह प्रयास पूरी तरह सफल रहा। अभी करीब चार दिन का खेल बाकी है भारत के प्रतिभागी और पदक जीतने की क्षमता रखते हैं। पैराओलंपिक खेलों में आज की परिस्थिति में भारत के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, बैडमिंटन, निशानेबाजी, तीरंदाजी में पदक जीते हैं। इसमें महिलाओं ने 9 पदक पुरुषों ने 14 पदक जीते हैं जबकि एक पदक मिश्रित दल को मिला है। पदक तालिका में भारत का अभी पांचवा स्थान है यह गर्व की बात है कि हमारे खिलाड़ी जुझारूपन का परिचय देकर विरोधियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

## भारत में मुंह पर ताला लगाकर बैठें शेख हसीना, नहीं तो...

**मोहम्मद यूनुस ने दी खुली चेतावनी**

**ढाका ,5 अगस्त।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने भारत की ओर से देश पर राजनीतिक टिप्पणी करने के लिए बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर निशाना साधा है। यूनुस ने इसे अमित्रतापूर्ण इशारा बताया। यूनुस के अनुसार, जब तक ढाका उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध नहीं करता, तब तक दोनों देशों को असुविधा से बचाने के लिए हसीना को चुप रहना चाहिए। यूनुस ने कहा कि अगर भारत, बांग्लादेश द्वारा हसीना को वापस बुलाए जाने तक उन्हें अपने पास रखना चाहता है तो शर्त यह होगी कि उन्हें (हसीना को) चुप रहना होगा। यूनुस 13 अगस्त की हसीना की टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने न्याय की मांग करते हुए कहा था कि हाल के आतंकवादी कृत्यों, हत्याओं और बर्बरता में शामिल लोगों की जांच की जानी चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। यूनुस के मुताबिक, हसीना की टिप्पणियां बांग्लादेश या भारत के लिए अच्छी नहीं हैं। देश में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत में शरण ली थी। इसके बाद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया। यूनुस ने कहा कि भारत में कोई भी उनके रुख से सहज नहीं है क्योंकि मुकदमा चलाने के लिए उन्हें वापस लाना चाहते हैं। वह भारत में हैं और कुछ बयान दे रही हैं जो कि समस्या पैदा करते हैं। अगर वह चुप रहतीं, तो हम इसे भूल जाते। लेकिन भारत में बैठकर वह बोल रही हैं और निर्देश दे रही हैं। यह किसी को रास नहीं आ रहा।

## एक नजर

### बीएसपी कर्मी से 1 करोड़ की ठगी

**भिलाई, 5 सितंबर।** भिलाई सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से सीबीआई का अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मी सेक्टर 10 सड़क 23 क्वार्टर नंबर 15 ए निवासी सुखचैन सिंह भुई से ठग ने बैंक में घोटाले की जांच का हवाला देकर बैंक खाते का डिटेल लेकर 1 करोड़ रुपए के रकम को ठगी अपने पास खाते में ट्रांसफर करा ली। पीड़ित का पुत्र अमेरिका मे प्राईवेट कंपनी में जॉब करता है। सुखचैन सिंह भुई सेवानिवृत्त कर्मी अपनी पत्नी के साथ सेक्टर 10 में रहते है। सुखचैन सिंह भुई के मोबाइल पर 24 मई की रात अज्ञात ने वाट्सएप कॉलिंग किया था। अज्ञात ने सुखदेव को झांसे में लेते हुए बैंक खाते से अपराधिक काम होने का हवाला दिया। इस दौरान अज्ञात ने सुखचैन के बैंक खाते को चेक करने की बात कही थी। भरोसे में लेकर अज्ञात ने 1 जून से 13 अगस्त तक सात अलग-अलग किश्तों में आरटीजीएस से 1 करोड़ 3 लाख 90 हजार रुपए की रकम अज्ञात अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। अमेरिका से वापस लौटने पर सुखचैन के बेटे ने सूचना पुलिस को दी

### नहा रही महिला का वीडियो बनाया, युवक पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 5 सितंबर।** घर के बाथरुम में नहा रही महिला का वीडियो बनाने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है महिला को जानकारी लगने के बाद से युवक फरार है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि टाउनशिप में निवासरत विवाहिता अपने घर के बाथरुम में नहा रही थी। इस दौरान पी. शिवकुमार नामक युवक ने अपने मोबाइल से महिला का नहाने समय का वीडियों बना लिया युवक छत पर चढ़कर मोबाइल से महिला का वीडियो बना रहा था जब महिला ने पी शिवकुमार पर नजर गई तो युवक फरार हो गया।

### अधिवक्ता एलबी वर्मा ने कांग्रेस छोड़कर थामा भाजपा का दामन

**भिलाई, 5 सितंबर।** कांग्रेस की राजनीति में 1998 से सक्रिय भिलाई 3 के एक कांग्रेस के पदाधिकारी ने आज 26 वर्षों के साथ के बाद कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया, जिस पदाधिकारी की बात की जा रही है वह भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के वर्तमान में सचिव के पद पर पदस्थ है, पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल के बेहद करीबी कहे जाने वाले इस कांग्रेसी पदाधिकारी ने भूपेश बघेल को बाय बाय कर दिया, साथ ही पीएम मोदी के विजन व विचारधारा और ( भाजपा ) सीएम विष्णुदेव साय का दामन साय साय थाम लिया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमण सिंह, दुर्ग प्रवास पर आये डिप्टी सीएम व एचएम विजय शर्मा से दुर्ग सर्किट हाउस में मुलाकात कर एलबी वर्मा ने भाजपा का दामन थामने के बाद आशीर्वाद लिया।

### शिक्षक समाज का दर्पण है : राधा चतुर्वेदी



**भिलाई, 5 सितम्बर।** श्रद्धा मांटेसरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल खुर्सीपार की प्राचार्य श्रीमती राधा चतुर्वेदी ने शिक्षक दिवस के पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है। शिक्षक समाज को अच्छा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए शिक्षक हमेशा सम्माननीय और आदरणीय है । शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर विश्व के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बच्चों से अनुशासित रूप से अध्ययन में लगे रहने का आह्वान किया।

### उमरपोटी-धनोरा अंडर-पास की मरम्मत के लिए सड़क यातायात रहेगा बंद

**भिलाई, 5 सितम्बर।** दुर्ग सेक्शन के मरौदा-पाउवारा स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे लाइन पर डीडी -11 मार्ग पर बने अंडर पास जो कि उमरपोटी- धनोरा पहुंच मार्ग से जुड़ा हुआ है अंडर पास क्रमांक छ्ष्ठ-11 (ब्रिज क्र.-20/) दिनांक 05.09.2024 को सुबह 08-00 बजे से दिनांक 10.09.2024 को रात 00-00 बजे तक बंद रहेगा द्य अतः सड़क वाहन इस अंडर पास से आवागमन करने के स्थान पर रिसाली- मरोदा की तरफ से समपार फाटक क्रमांक.छ्ष्ठ-8-मार्ग से होकर आना जाना कर सकते हैं ।

### महिलाओं के करू भात के लिए 20 हजार किलो करेला मंगाया विधायक रिकेश ने



**भिलाई, 5 सितम्बर ।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन जब से पार्षद हुए हर तीज त्यौहार में अपने वार्ड में त्यौहार के लिए जरूरी खाद्य और ऐसी वस्तुओं का वितरण करते रहे हैं जो अमूमन मार्केट में या तो जल्दी मिलती नहीं या फिर उसके दाम आसमान छूने लगते हैं। रिकेश सेन ऐसी आवश्यक चीजों को बड़ी मात्रा में मंगवा कर उसका निःशुल्क वितरण करते हैं। पहले ऐसा प्रयास एक वार्ड तक सीमित होता था लेकिन विधायक बनने के बाद अब विधानसभा स्तर पर ऐसी सामग्रियों की उपलब्धता का प्रयास विधायक रिकेश सेन जन सहयोग से करते हैं। हाल ही में उन्होंने पसहर चावल का वितरण हरतालिका तीज के लिए किया था और आज विधायक रिकेश हर साल की तरह इस साल भी करेला बांट रहे हैं। आपको बता दें कि पार्षद रहते उन्होंने पिछले वर्ष तीज पर एक हजार किलो करेला मंगवाया था मगर इस वर्ष वैशाली नगर विधानसभा में 20 हजार किलो करेला आ चुका है जिसका वितरण तीज व्रत पूर्व करू भात के लिए महिलाओं को किया जा रहा है। विधायक बनने के बाद रिकेश के करेला बांटने का यह पहला आयोजन है। वैशाली नगर विधायक कार्यालय शांति नगर कार्यालय से करेला का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है ताकि करू भात खाकर माताएं बहनें उपवास रख सकें।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन किया,ग्रामीणों में हर्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 सितंबर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज 52 करोड़ रूपए की लागत से जिले के सिल्हाटी (बैजलपुर) 132 केव्हीए का विद्युत उपकेन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्रवासी को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के बाद उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और जिले तथा क्षेत्र में बिजली कटौति को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस उपकेंद्र के क्षेत्र के लोगो को मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ की जानकारी भी ली। यहां बताया गया कि सिल्हाटी (बैजलपुर) 132 केव्हीए का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के साथ 132 केव्ही लाईन विस्तार का कार्य किया गया है। जिससे इस क्षेत्र के किसानों सहित ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस क्षेत्र के 33/11 विद्युत उपकेन्द्र कुसुमघटा, सारंगपुर, पाण्डातराई, मड़मड़ा व बैजलपुर को इससे जोड़ा गया। जिससे 33/11 विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े सभी उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। भविष्य में 33 के. व्ही. के 4 फीडर के निर्माण कार्य होने के पश्चात 33/11 के. व्ही. के 3 विद्युत उपकेन्द्र से 50 ग्राम लाभान्वित होंगे। इससे उस क्षेत्र के 65 ग्रामों के घरेलू व अन्य श्रेणी के उपभोक्तागण एवं पम्प कनेक्शन के किसान लाभान्वित होंगे तथा लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण होगा। इस विद्युत उपकेन्द्र से विभिन्न श्रेणी के लगभग 20000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे एवं कवर्धा उपकेन्द्र पर भी 15 मेगावाट विद्युत भार का दबाव कम होगा। उद्घाघटन के अवसर पर पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, पूर्व अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्री श्रीकांत उपाध्याय, मनिराम साहू, नरेन्द्र मानिकपुरी सहित आसपास के ग्रामीजन और पंच-सरपंच जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### ट्रक मालिक संघ के कोषाध्यक्ष बने मोहम्मद बिलाल



**कवर्धा, 5 सितंबर।** ट्रक यूनियन चौक कवर्धा के यूनियन ऑफिस में ट्रक मालिक संघ यूनियन का बैठक रखा गया था पुराने पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने पर नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना था जिसके लिए सभी ट्रक मालिक संघ बैठक में शामिल हुए जिसमें अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष मुकुंद चंद्रवशी, कोषाध्यक्ष बिलाल गांधी, सचिव चंद्रेश चंद्रवंशी , सह सचिव बलदेव चंद्रवशी, को सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुना गया वही संरक्षक में निशांत झा, सत्यजीत शर्मा, कालेश्वर चंद्रवंशी, राजेश गुप्ता, भैया लाल को रखा गया है पदाधिकारी चुनाव के बाद मार्गदर्शक के द्वारा सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और मुख्य बिंदु पर काम करने कहा गया जिसमें कबीरधाम जिला में धान, गुड़, शक्कर, एवं अन्य प्रकार के सभी काम संस्था के माध्यम से एवं उचित दर पर करना, प्रत्येक माह में एक बार बैठक होना, नगर पालिका का पिछला राशि भुगतान करना, नगर पालिका के लिए नीचे कांप्लेक्स को किराए पर देना, वर्तमान कार्यकाल की अवधि एक वर्ष का होगा जिसके लिए सभी नवनिर्वाचित पद्याधिकारी संघ को मजबूत बनाने के लिए अपने कार्य पर लग गए है ।

# गुरुकुल स्कूल ने जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मारी बाजी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 सितंबर।** नगर की प्रतिष्ठित एवं प्राचीनतम संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच गुरुकुल पब्लिक स्कूल और एकेडमिक हाईट बेमेतरा के मध्य खेला गया। इस प्रतियोगिता के सम्माननीय अतिथि के रूप में श्री आशीष ठाकुर जी, राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता टूर्नामेंट के प्रतिनिधि, श्री दीपेश जैन जी प्रबंधक डी. सी.बी. बैंक, श्री अवनीश दास जी प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री मनीष भट्ट जी सीनियर स्टाफ बैंक ऑफ बड़ौदा कवर्धा एवं संस्था के पदाधिकारी गण व शाला के प्रभारी प्राचार्य एवं प्रशासक मंचासीन थे। समस्त सम्माननीय अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प व मालार्पित कर पूजन-वंदन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। समस्त सम्माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ एक-दूसरे से कड़ा मुकाबला करते हुवे प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। सभी दर्शको ने जोरदार तालियों से सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गुरूकुल पब्लिक स्कूल के खिलाडियों ने अथक परिश्रम करते हुवे एकेडमिक हाईटस बेमेतरा को 1-0 से पराजित कर विजय हासिल की। इस प्रतियोगिता में बेस्ट स्ट्राइकर जॉन रोजरनाथ एकेडमीक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, बेस्ट डिफेन्डर मयंक सय्याम गुरूकुल पब्लिक स्कूल एवं बेस्ट गोल कीपर निखील लिखारे गुरूकुल पब्लिक स्कूल को पुरस्कार दिया गया। विजयी टीम को समस्त सम्माननीय अतिथियों के कर कमलों द्वारा शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। समस्त सम्माननीय अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य ने सभी खिलाडियों व क्रीड़ाध्यापकों को हार्दिक बधाइयों व शुभकामनाएँ दी।

### मस्जिद ट्रस्ट सेक्टर-6 की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**भिलाई, 5 सितंबर।** भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट, सेक्टर-6, भिलाई में वर्ष 2024-2029 की कार्यकारिणी के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अब्दुल रफीक कुरैशी बनाए गए हैं। सहायक चुनाव अधिकारी हाजी मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी व मोहम्मद जहूर अहमद के साथ ही ट्रस्ट के पांच अन्य सदस्यों को चुनाव कार्य में सहयोग के लिए जवाबदारी दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि ट्रस्ट के पांच साल के नियमित सदस्यों एवं स्थाई सदस्यों की सूची का अंतिम प्रकाशन 23 अगस्त को किया जा चुका है। मतगणना एवं परिणामों की घोषणा 14 सितंबर को ही शाम 4-30 बजे से की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किया दुर्ग जिले में भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 5 सितंबर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और वे दुर्ग जिले के लिए भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किये। समारोह में मंचासीन अतिथि भाजपा जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, रमशीला साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, सदस्यता अभियान जिला संयोजक राजेंद्र कुमार पाध्ये, सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, उषा टावरी, डॉ. मानसी गुलाटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण के लिए करती है ना कि नेता बनाने के लिए। राष्ट्र प्रथम का ध्येय सामने रखकर सदस्यता अभियान के माध्यम कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करना है, जिस तरह हम माता-पिता की सेवा करते हैं उसी तरह पार्टी को अपने माता-पिता के रूप में मानकर उसकी सेवा करनी है। पार्टी का विस्तार करना है एवं सदस्यता अभियान को सफल बनाने नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करना है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जब भाजपा की सरकार बनती है जनकल्याण करती है हम सब पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर सदैव समाज का कल्याण करते हैं देश हित के लिए कार्य करते हैं इसलिए सदस्यता अभियान को सफल बनाना है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज हमारी पार्टी के द्वारा अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया, कश्मीर में जब तिरंगा नहीं फहराया जा सकता था, अब तिरंगा फहराया जाने लगा है। हम उसे पार्टी के कार्यकर्ता हैं कि हम लोगों के बीच जाकर यह बता सकते हैं कि हमारी पार्टी के कारण राम मंदिर बनाया गया और सदस्यता अभियान के लिए प्रेरित करेंगे तो हाथों हाथ हमारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लेंगे। जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि संगठन सदस्यता अभियान की शुरुआत हो चुकी है। बूथ के हर घर जाएं सदस्यता अभियान में कोई भी किसी प्रकार की हेरा फेरी नहीं कर सकता। पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के द्वारा हमारे सदस्यता अभियान के द्वारा किए गए कार्यों को बड़ी गंभीरता से नजर रखी जाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पार्टी के संगठन विस्तार अर्थात सदस्यता अभियान में संसद से लेकर सांसद से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जुटना है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2 तारीख को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और 3 तारीख को प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश की मातृ शक्तियों के चेहरे में पुनः मुस्कान लाते हुए मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त प्रदान की। हमारे प्रदेश में 18 लाख आवास की मांग थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के लिए 8 लाख आवासों की स्वीकृति प्रदान की है और इन आवासों के लिए जिन्होंने आंदोलन किया प्रयास किया और न जाने कितने संघर्ष किया इनका श्रेय अगर किसी को जाता है प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को जाता है। विधायक ललित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की सदस्यता अभियान को हम सभी को मिलकर सफल बनाना है।

### सेल-बीएसपी ने 19 ठेका कर्मियों को सुरक्षा सजगता पुरस्कार से किया सम्मानित



**भिलाई, 5 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग ने सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संयंत्र के भीतर विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत ठेका कर्मियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया था। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक राजीव कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में 4 महिला कर्मियों सहित कुल 19 ठेका कर्मियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने कर्मियों से संयंत्र के अंदर और बाहर, जीवन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों का पालन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर परियोजना विभाग के विभागीय कार्मिकों एवं ठेका कर्मियों के साथ महाप्रबंधक जे तुलसी दासन, महाप्रबंधक हरीश कुमार साहू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक आर लवांग तथा महाप्रबंधक शंकर सिंह नेताम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं:भूपेश बघेल



**भिलाई, 5 सितंबर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के निवास पहुंचे। जहां वे विधायक देवेंद्र यादव की मां से मिले और उनके पास बैठकर उनका हालचाल जाना। उनके स्वास्थ्य की खैरियत ली। परिवार के सदस्यों से चर्चा की और सभी को हिम्मत दिया। सभी से कहा कि आप सभी लोग अपना ख्याल रखिए। मां से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। समय पर भोजन और दवाएं लें। परिजनों और विधायक देवेंद्र यादव के बड़े भाई धर्मेन्द्र यादव से भी कहा कि वे माता जी का ख्याल रखें। देवेंद्र का ख्याल रखने के लिए वे सब हैं। पूर्व सीएम बघेल ने आगे पूरे परिवार को विश्वास जताते हुए कहा कि उनके रहते हुए उन्हें किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूरा कांग्रेस परिवार, प्रदेश की पूरी जनता युवा नेता देवेंद्र यादव के साथ है।

# विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा का ज्ञान भी जरूरी:राज्यपाल



**भिलाई, 5 सितंबर।** भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय और निजी स्कूलों के लगभग 3 हजार 200 शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। यह समारोह राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा आयोजित इस समारोह में राज्यपाल ने कहा कि आज के दौर में जबकि शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच के रिश्ते में कई तरह की चुनौतियां और दरार की स्थिति है, ऐसे में इन दोनों के पवित्र रिश्ते को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। शहर के एक निजी होटल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने भिलाई शहर की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा यह इस्पात नगरी है, साथ ही एजुकेशन हब के रूप में भी प्रसिद्ध है। यहां के स्कूलों से निकले अनेक विद्यार्थी आज भारत सहित विदेशों में भी विशिष्ट पदों पर हैं। इस सफलता के पीछे यहां के शिक्षकों की अथक मेहनत और ज्ञान का विशिष्ट योगदान है। उन्होंने कहा कि इस दौर में शिक्षकों और विद्यार्थियों के रिश्ते को पहले जैसे फिर से मजबूत करने की जरूरत है। इस कार्य में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कॉन्वेंट कल्चर को लेकर कहा कि सिर्फ अंग्रेजी में पढ़ाई जरूरी नहीं है। हमारी मातृभाषा में भी ज्ञान का विशाल भंडार है, विद्यार्थियों को अपनी भाषा में ही पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को आत्मनिर्भर और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं, उनके इस अभियान में शिक्षकों का दायित्व सबसे महत्वपूर्ण है। अपने स्वागत उद्बोधन में विधायक रिकेश सेन ने कहा कि त्योहारों के कारण शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन दो दिन पूर्व किया गया है। आज शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच दूरी बढ़ रही है, इस दूरी को कम करने के लिए ऐसे आयोजन बेहद जरूरी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर कहा कि इस अभियान में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक तथा संभाग आयुक्त एस एन राठौर, आईजी आर जी गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# तालाब में कुंड बनाने आयुक्त ने दिए निर्देश



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने तालाबों का निरीक्षण कीं। उन्होंने हिंद नगर तालाब और मरोदा डेम में पूजा सामग्री विसर्जन के लिए कुंड तैयार करने निर्देश दिए। साथ ही प्रतिमा विसर्जन तैयारी करने कहा। आयुक्त मोनिका वर्मा पहले हिंद नगर तालाब का निरीक्षण कीं । उन्होंने यहां पूर्व से बने कुंड की स्थिति को देख नाराजगी जाहिर की। आयुक्त ने निर्देश दिए कि पूर्व से बने कुंड की सफाई कर उसे व्यवस्थित करें। जिससे पूजन सामग्री विसर्जन करने तालाब पहुंचे नागरिकों को असुविधा न हो। आयुक्त ने निगम क्षेत्र की अन्य तालाब की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कर्मचारी तालाब में बने घाटों की सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान अभियंता अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू, गोपाल सिन्हा समेत जन स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर विरेन्द्र देशमुख, सतीश देवांगन आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निगम ने अभियान चलाकर तालाबों की सफाई की है। इसके बाद भी आमजन स्वच्छता पर ध्यान नहीं दे रहे है। गणेश और दुर्गा पूजा सामग्री के लिए हिंद नगर तालाब में कुंड तैयार किया है। सम्यक प्रयास करे कि लोग कुंड में ही विसर्जन सामग्री को विसर्जित करें। निगम ने रिसाली और आसपास के क्षेत्र के प्रतिमा विसर्जन के लिए दो स्थान चिन्हित किया है। हिन्द नगर तालाब और नेवई डेम में विसर्जन के दिन पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। नेवई डेम में चिन्हित स्थान पर बेरिकेटिंग भी किया जाएगा। निगम प्रशासन ने निर्धारित स्थान में ही प्रतिमा विसर्जन करने कहा है।

# टीटीटीए ने बैठक में की निगम से अवैध कब्जे हटाने की मांग



**भिलाई, 5 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में बैठक के माध्यम से ट्रांसपोर्ट नगर के समस्त समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। इस बैठक में विशेष रूप से नगर निगम के एई डी के पांडेय व अन्य अधिकारियों के साथ भिलाई ट्रक, ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं एचटीसी के युवा डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह लल्लू, गोपी अरोरा सहित बडी संख्या में ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर में हो रहे अवैध कब्जे, पार्किंग, बिजली अन्य सभी समस्याओं से अवगत कराया गया जिसमें अधिकारियों की पहल से ट्रांसपोर्ट नगर के अवैध कब्जे को यथाशीघ्र हटाया जाएगा। साथ ही मदिरा एवं मटन दुकानों को भी ट्रांसपोर्ट नगर से हटाने का निर्णय लिया गया। कारण मदिरा सेवन कर बहुत सारे चालक गाडियों का दुर्घटनाग्रस्त कर रहे हैं जिसे किसी एकांत एरिया में स्थानांतरित करने का निवेदन ट्रांसपोर्टरों ने किया तथा एक ठोस कदम नगर निगम भिलाई 3 आयुक्त के दिशा निर्देश में उठाया जाएगा ताकि ट्रांसपोर्ट नगर में बिगड़ती व्यवस्था को सुधारा जा सके। ट्रांसपोर्ट जगत में हो रहे गाडियों के फिटनेस के परेशानियों के बारे में भी चर्चा की गई। गाडियों के फिटनेस को लेकर आरटीओ डिपार्टमेंट में भारी परेशानी हो रही है नया जीपीएस का विरोध किया जाएगा प्राइवेट एजेंसी के द्वारा गाडियों का फिटनेस किया जा रहा है जिसमें अवैध पैसा वसूली का कोई न कोई नया तरीका अपनाया जा रहा है और गाड़ी मालिकों को परेशान किया जा रहा है जिसका शिकायत मुख्यमंत्री से पूरे ट्रांसपोर्टर मिलकर करेंगे।

## संपादकीय

# क्या सख्त कानून से रुक जाएंगे अपराध

सब जानते हैं कि बुराई आदमी में है, बुराई समाज में है, राजनीतिक दलों में है, बुराई सरकार में है। जब तक कहीं भी बुराई है तो परिवार,समाज, देश में अपराध तो होंगे ही। सब कहां चाहते हैं कि परिवार में अपराध न हो, समाज में अपराध न हो, प्रदेश में अपराध न हो, देश में अपराध न हो। सब तो यही चाहते हैं कि वह अपराध करे तो ठीक है, उसे सजा नहीं मिलनी चाहिए. दूसरा कोई अपराध करे तो उसे जरूर सजा मिलनी चाहिए। चाहे आदमी हो, परिवार हो,समाज हो, सरकार हो तो सबकी सोच तो ऐसी ही रहती है कि अपराध तो वह है जो दूसरा आदमी करता है, दूसरा परिवार का करता है, दूसरे राज्य में होता है। दूसरी सरकार के समय होता है। सब जानते हैं कि अपराध को क्यों रोका नहीं जा सकता लेकिन सब दिखावा करते हैं, राजनीति करते हैं कि इस तरह रोका जा सकता है। कोई कहता है कि सख्त कानून नहीं है, इसलिए अपराध होते हैं, कड़ी सजा नहीं मिलती है इसलिए अपराध होते हैं।पुलिस भ्रष्ट है, इसलिए अपराधी अपराध करके भी बच जाते हैं। वकील भ्रष्ट है, अदालत तक में भ्रष्टाचार होता है, इसलिए अपराधी को सजा नहीं होती है। अपराध होने व अपराधी को सजा नहीं होने के कई कारण है। कुल मिलाकर होता यह है कि अपराध करने वाले ज्यादातर लोगों को कई कारणों से सजा नहीं होती है, इसलिए यह धारणा बनी रहती है कि अपराध करके बचा जा सकता है। अपराध करने पर सजा तो होगी नहीं, इसलिए अपराध करने वालों में कोई डर नहीं होता है। अपराधी को परिवार,समाज,सरकार,अदालत किसी का डर नहीं ही है तो अपराध कैसे रुक सकता है। अपराध तो तब रुकेगा या कम होगा जब ज्यादातर मामलों में सजा हो। अपराध तो तब रुकेगा जब सजा के साथ ही सुधार के उपाय भी परिवार,समाज, सरकार के स्तर पर निरंतर किए जाएं। ज्यादातर लोगों का जोर तो सजा पर ही रहता है कि हर अपराध की सजा मिले तो अपराध नहीं होंगे। सख्त कानून बना दिए जाए और सख्त सजा दी जाए तो अपराध नहीं होंगे। पं.बंगाल सरकार ने क्या किया। वही किया जो आजतक सरकारें करती आई हैं। उसने रेप के बाद हत्या के मामले में कड़ा कानून बना दिया है,कोलकाता में डाक्टर से दुष्कर्म व हत्या के बाद महिला सुरक्षा की मांग के बीच ममता सरकार ने बंगाल विधानसभा में मंगलवार को दुष्कर्म विरोधी बिल पास कर दिया। बंगाल सरकार के इस अपराजिता महिला और बाल विधेयक में पीड़िता की मौत या गंभीर मस्तिष्त क्षति का शिकार होने पर दोषी को मृत्युदंड व अन्य दोषियों को बिना पे रोल उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। इसमें 21 दिन जांच पूरी करने की बात कही गई है। अपराजिता टास्क फोर्स बनाने की बात की गई है। ममता बैनर्जी भी जानती है कि वह बिल पास करा देंगी तो वह कानून तत्काल तो बन नहीं जाएगा, वह राज्यपाल के पास जाएगा,राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास भेजेंगे। यानी कोई राज्य सरकार चाहे तो तत्काल कानून बन नहीं जाता है और वह केंद्र के कानून में बदलाव का प्रयास हो तो वह संभव नहीं है। राज्य सरकार अपना कानून बना सकती है लेकिन वह केंद्र सरकार के कानून में बदलाव नहीं कर सकती। ममता सरकार तो राज्य में किसी महिला से रेप हो तो वह उसके लिए खुद की सरकार को दोषी नहीं मानती वह जनता के इस्तीफा मांगने पर खुद तो इस्तीफा नहीं देती हैं लेकिन पीएम मोदी से इस्तीफा मांगती है,वह कहती हैं कि कड़ा कानून तो केंद्र को लाना था,वह नहीं लाई, इसलिए राज्य सरकार को लाना पड़ा है।ममता चाहती नहीं है कि महिला अपराध न हो। वह चाहती तो कड़े कानून की जरूरत ही नहीं है,जो कानून है उसी से अपराधी को सजा दी जा सकती है, बंगाल का पुलिस तंत्र ठीक नहीं है इसलिए अपराध हो रहे है, अपराधियों को सजा नहीं मिल रही है। पुलिस तंत्र को ठीक करने की जरूरत है। वह तो ममता कर नहीं रही है। वह राजनीति कर रही हैं। विधानसभा से बिल पास कर दिया है और वह कानून नहीं बनता है तो राज्य की जनता से कहेगी कि देखो हम तो चाहते हैं कि महिला अपराध न हो, इसके लिए बिल पास कर दिया, केंद्र सरकार ने बिल को मजूरी नहीं दी है तो हम क्या कर सकते हं। यानी अब बंगाल में महिला अपराध होता है तो उसके लिए दोषी ममता सरकार नहीं, केंद्र सरकार होगी।

---

कहानी

# सुदीक्षा

प्रकाश शर्मा

सुदीक्षा, जी हां, यही नाम है उसका। खूबसूरत, प्यारी, भोली, समझदार और स्नेह का गुलदस्ता। दूसरा पहलू यह कि प्रताड़ना, अत्याचार, उपेक्षा तथा लालच के ज्वालामुखी से निकली सुदीक्षा। क्या उसका दोष महज इतना ही है कि वह एक बेटी है। यह कहानी उस सुदीक्षा (परिवर्तित नाम) का है जिसका ससुराल में मौत से सीधा साक्षात्कार हुआ है। कुदरत का करिश्मा देखिए सुदीक्षा में मीरा जैसा समर्पण व गंगा मां की पवित्रता-निर्मलता देखकर मृत्यु के देवता ने भी ससुराल वालों की साजिश को सफलता की सीढ़ी नहीं चढ़ने दी। सुदीक्षा, माता-पिता की लाडली बिटिया है।। घर-आंगन की बहार। जिसकी किलकारियां माता-पिता को दुनिया भर की खुशी देती थी। सुदीक्षा रोती थी तो माता-पिता की आहें निकल जाती थी। एक खरोंच भी मम्मी-पापा की आत्मा को आहत कर जाती थी। मुझे याद है एक बार जब उसकी तबीयत खराब हो गई थी तो मां ने सिर पर आसमान उठा लिया था। वह तब ही शांत हुई थी जब सुदीक्षा को डॉक्टर के पास ले जाया गया और डॉक्टर ने कहा था 'अरे चिंता की बात नहीं है, मामूली बुखार भर है'। बचपन में भी सुदीक्षा शांत ही रहती थी। आज भी वैसी ही है। उसकी बातों का कोई जवाब ही नहीं है। पिता उसे कंधों पर बैठाते थे तो कभी घोड़ा बनकर पीठ की सवारी कराते थे। बड़ी नाजो से पाला गया था उसे। सुदीक्षा ने तेज दिमाग पाया है। मां की गोद, पिता की बाहों तथा गांव की विथिकाओं (गलियों) में खेलकर पली-बढ़ी सुदीक्षा अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई पूरी कर कब बड़ी हो गई पता ही नहीं चला। माता-पिता के लिए तो बच्चे बच्चे ही होते हैं। किंतु मां की जो नजरें होती है न वो उम्र को जल्द ही भांप लेती है। वैसे सुदीक्षा की उम्र इतनी भी नहीं हुई थी कि उसकी शादी में जल्दबाजी की जाए। 22-23 की ही तो थी। उसकी इच्छा आगे पढ़ने की थी। अब भला मां को कौन समझाए। एक दिन मां ने पापा से कहा था 'देखो जी, आपको कुछ ध्यान रहता है कि नहीं। सुदीक्षा सयानी हो रही है। उसके हाथ पीले करने है। उसके लायक योग्य लड़का ढूंढ लो जिसके साथ मेरी सुदीक्षा खुश रहे'। हर माता-पिता की इच्छा होती है कि बेटी सुख-समृद्ध व अच्छे घर के लिए विदा हो। पति सद्चरित्र व पत्नी को समझने वाला हो। सुदीक्षा के भी अपने सुनहरे सपने थे। खूबसूरत और खूब ज्यादा प्यार करने वाले जीवनसाथी की कल्पना थी। ईश्वर पर यकीन करने वाली सुदीक्षा के लिए वर की तलाश पूरी हुई। परिणयोत्सव का दिन भी आ गया। उस रात कितना कष्ट हुआ था माता-पिता को सुदीक्षा को विदा करते हुए। माता-पिता के कंधों पर सिर रखकर कितना रोई थी सुदीक्षा। वर्षों माता-पिता के साये में जिंदगी बिताने के बाद बेटियां कैसे पराई सी हो जाती है। ओह, बेहद तकलीफदेह है। सुदीक्षा की शादी पिता ने बड़े शानो-शौकत से की थी। लेन-देन में चादर से बाहर अपने पैर निकाल दिए थे। खान-पान व बारात स्वागत आला दर्जे का था। समाज-परिवार आज भी इस बात के गवाह हैं।

उस वक्त क्या गुजरी होगी माता-पिता और भाई बहनों पर। जिस बेटी को दुल्हन के श्रृंगार में डोली में बैठाकर बिदा किया था उस लाडली को इस तरह से छोड़ दिया जाएगा, मानो वह हाड़-मांस की ईश्वरीय रचना न होकर बेजान फर्नीचर हो। पसंद नहीं आया तो वापस कर दिया।

एक दिन मैंने उससे कहा था 'बेटा तू तो जिगर का टुकड़ा है'। सुदीक्षा ने तपाक से जवाब दिया था जिगर का टुकड़ा नहीं मैं तो पूरा जिगर हूं। इतना अधिकार, इतना अपनापन। मैं रोमांचित हो गया था। जबकि मैं उसका क्या लगता हूं केवल परिचित। सुदीक्षा कहती है 'कुछ पाकर तो हर कोई मुस्कुरा लेता है लेकिन जिंदगी शायद उनकी होती है जो बहुत कुछ खोकर भी मुस्कुराना जानते हैं'। मैं उससे कहता हूं मिट्टी का मटका और परिवार की कीमत सिर्फ बनाने वाले को ही होती है, तोड़ने वाला क्या जाने। मैं उसे हौसला देता हूं कि गमलों में उगे हुए लोगों से क्या डरना। मैं उसे आज भी मोटिवेट करते रहता हूं। किंतु सच्चाई यह भी है कि इतनी भयंकर यातना को एक झटके में कैसे भूला जा सकता है। सुदीक्षा के जीवन में ये अजीब सा मोड़ है। जिन्दगी के इस यू-टर्न को आखिर कैसे सीधा किया जाए। बेटी का भविष्य भी बनाना है। पहाड़ सा जीवन है। लेकिन सुदीक्षा बेहद हिम्मती है। उसमें धैर्य है। मायके वाले भी उसका पूरा ख्याल रखते हैं। मैं उससे कहता हूं कि जब तनाव हो न बेटा तो मासूम बिटिया की मुस्कुराहट देख लिया कर।

प्रारब्ध में क्या लिखा है कौन जानता है। सुदीक्षा ने तो सोचा था कि उसके जीवन में अब चंद्रमा की रौशनी यानी चंद्र का कांत (रौशनी) बिखरेगा। लेकिन ये क्या, ससुराल आते ही उसकी खुशियों का शमा टिमटिमाने लगा था। पहली ही रात उसे अहसास हो गया था कि वह हवस के भूखे भेड़िये और लालच के दानवों के चंगुल में फंस गई है। सच मानिए सुदीक्षा बेहद सांस्कारिक और सहज-सरल है। वो झगड़ालू भी नहीं है। उसे पलटकर जवाब देना भी नहीं आता है। सबका प्यार से ख्याल रखती है। किसी से कोई शिकायत नहीं। सुदीक्षा को जरूरत थी तो केवल प्यार और अपनापन की। 23 वर्ष की बच्ची को दुनियादारी व जिम्मेदारियों की समझ कहां रहती है। फिर कल तक तो वो अल्हड़ बेफिक्र, जिम्मेदारियों से दूर माता-पिता के साए में थी। बेटियों की जिंदगी में समय अचानक करवट लेता है। अपने घर की देहरी पार कर अंजान घर में जाना कोई आसान नहीं होता है। एक ऐसा घर जहां सब अपरिचित हैं। किसी के बारे में कुछ नहीं पता होता है। ऐसे में पत्नी को अपने पति का ही सहारा होता है जिसे वह अपना सबकुछ सौंप देती हैं। लक्ष्मी बनकर आई सुदीक्षा के भाग्य ने अजीब सी करवट ली। जहां उसे प्रकाश नजर आना था वहां अंधेरे का काला साया बाहें फैलाए ठहाका लगाते खड़ा था। दुर्दशा, दुर्दिन, प्रताड़ना और आतंक का भयानक और रूहकंपा देने वाला वक्त शुरू हो गया था। आखिर गलती क्या थी सुदीक्षा की। वह तो ससुराल को स्वर्ग बनाने आई थी। पहले ही दिन जब दरवाजे पर चावल से भरे लोटे को अपने पांव से गिराकर पदचिन्ह छोड़ी थी तभी सुदीक्षा ने इस घर को अपना बनाकर अपना छाप छोड़ने का मन बना लियाथा। लेकिन ये क्या, यहां तो उसके सुनहरे व रेशमी सपनों पर ग्रहण लगाने वाले पहले से ही हाजिर थे। मासूम सी सुदीक्षा के हाथ पीले करने का निर्णय ले लिया गया तभी मां ने अपनी लाडली को सीख दे दी थी कि ससुराल को अपना बनाकर रखना, सबका कहना मानना। मायके का नाम खराब मत करना। कोमल हृदय की सुदीक्षा ने मां के मंत्र को गांठ बांध लिया था। तभी तो उसने ससुराल में अपने कदम रखते ही पूरे घर को अपने संस्कारों की सांसों से महकाने, संस्कृति की बहार लाने और अपनापन के गुलमोहर खिलाने की कोशिश की थी। लेकिन कहते हैं न कि जिन्हें गंदगी की आदत पड़ जाती है उन्हें सफाई भला कहां रास आती है। चंद दिनों में ही सुदीक्षा के सपने शीशे की तरह चकनाचूर हो गए। जिन आंखों से खुशियों की अश्रुधारा बहनी चाहिए थी वो आंखें खून के आंसू बहाने लगी थी। ससुराल वालों ने यातना की इंतहा पार कर दिया था। सास-ससुर व जेठ-जेठानी तो प्रताड़ित करते ही थे जिन्हें अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया था वह पति भी दुष्ट निकला। पति मानसिक रूप से प्रताड़ित करता ही था शारीरिक कष्ट भी देता था। दरअसल वह हवस का भूखा भेड़िया था। परस्त्री गमन का घृणित शौक रखने वाला पति न केवल गाली-गलौज व मारपीट करता था बल्कि शरीर के नाजुक और उन हिस्सों में क्रूरता करता जो हिस्से महिलाओं के लिए हया के होते हैं। बाप रे, कितना कष्ट सही होगी सुदीक्षा। उसे डॉक्टर के पास भी ले जाना पड़ा था। सुदीक्षा जब गर्भवती हुई तब भी पति ने घिनौनी हरकतें बंद नहीं की थी। एक तरह से वह बलात्कार करता रहा। सुदीक्षा के शरीर पर नोचने-खसोटने व खरोंच के निशान इस बात के गवाह हैं कि उसके साथ न जाने क्या-क्या भयानक हुआ होगा। उस पर जिस तरह के जुल्म किए गए हैं उसे यहां लिखने में हाथ भी कांप रहे हैं। बेहद शर्मनाक व तकलीफदेह। प्यार करने वाले पति की कल्पना कर ससुराल आई सुदीक्षा को क्या पता था उसके साथ अकल्पनीय होने वाला है। वह अकेले में आंसू बहाते खुद से पूछती 'क्या विवाह का मतलब यही होता है?' ससुराल में उसका कोई अपना नहीं था। शरीर के नाजुक हिस्सों पर जुल्म सहकर भी वह पत्नी व बहू का धर्म निभाते हुए व्यंग्य व तानों के बीच गृहस्थी की गाड़ी को पटरी पर लाने की कोशिश करती रही। उसे विश्वास था एक न एक दिन स्थिति सुधरेगी। किंतु ये क्या स्थिति तो और बिगड़ने लगी थी। प्रसव के दौरान भी उसका ख्याल नहीं रखा गया। खाने-पीने पर कोटा तय कर दिया गया था। खूबसूरत बेटी को जब सुदीक्षा ने जन्म दिया तो बेटी पैदा होने की खबर से ही ससुराल वालों पर मानो वज्रपात हो गया था। पति तो यहां तक कहने लगा तुम दोनों को मार डालूंगा। गंवार पति को यह तक पता नहीं था कि गर्भ में बालक या बालिका भ्रूण मां प्रत्यारोपित नहीं करती है। हम सनातनी बेटा हो या बेटी इसे ईश्वर का आशीर्वाद मानते हैं। फिर पति तो मर्द होकर भी नामर्दों जैसा काम करता रहा है। यह भी नहीं सोचा कि उसकी मां भी तो महिला है। क्या मां के साथ उसके पिता ने ऐसी ही हरकत की थी। क्या सुदीक्षा की ननदों के साथ भी उसके ससुराल वालों ने प्रताड़ना जैसे कार्य किए थे? ससुराल में सुदीक्षा का न तो कोई जीवराखन करने वाला था और न ही जख्म पर मरहम लगाने वाला। जख्म अब नासूर बनने लगे थे। आंखों ने आंसू बहाना बंद कर दिया था। उफ, अकेली ही संघर्ष करती रही। पानी जब सिर से ऊपर जाने लगा तब सुदीक्षा ने अपने मायके वालों को पूरी जानकारी दी। इसके पहले तो वह मायके वालों से कहती रही थी कि मैं बेहद खुश हूं, कोई तकलीफ नहीं है। कौन मां-बाप अपनी बेटी को तकलीफ में देख सकेगा। मायके वाले कुछ कदम उठाते इससे पूर्व ही जालिम ससुराल वालों ने सुदीक्षा को नन्ही बच्ची के साथ मायके छोड़ दिया। सुदीक्षा अपने तमाम कपड़े और सोने चांदी के गहने ससुराल में छोड़ आई थी। जानना चाहते हैं न सुदीक्षा अब क्या कर रही है। जी हां सुदीक्षा मल्टीटैलेंटेड है। वह पत्थर उछालकर आसमान में सुराख करना जानती है। वह हाजिर जवाबी है। नृत्य, रंगोली, मेंहदी, पाककला में पारंगत है। नेशनल खिलाड़ी रह चुकी है। अंग्रेजी का जबरदस्त ज्ञान है। और सबसे अच्छी बात स्वभाव से शांत है। जो भी उससे मिलेगा उसका मुरीद हो जाएगा। सुदीक्षा अपने माता-पिता के घर रहकर गांव के बच्चों को मुफ्त में ट्यूशन दे रही है और अपनी बेटी का भविष्य गढ़ रही है। सुदीक्षा की सोच बहुत ऊंची है। कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला लेकर वह उन प्रताड़ित लड़कियों के लिए प्रेरणा बनकर आई है जो चुपचाप अन्याय सहती रहती हैं। सुदीक्षा साहसी है, समय निश्चित ही बदलेगा। अंधेरा छंटेगा, प्रकाश छाएगा। खुशियां गली के अगले चौराहे पर उसका इंतजार कर रही है। मंजिल का पथ कांटों से भरा क्यों न हों, हौसला बुलंद हो तो कांटे भी फूल बनकर पथ का श्रृंगार कर देते हैं।

---

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारियों से भरा रहने वाला है। आपके मन में कुछ बेवजह की उलझनें और तनाव होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में भी आप मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ा परेशान रहेंगे। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में देरी हो सकती है, जिसके लिए आप अपने मित्र से बातचीत कर सकते हैं। आपको कहीं घूमने फिरने जाते समय अपने पिताजी से पूछकर जाना बेहतर रहेगा। आपको किसी परिवार के सदस्य की सेहत की चिंता सता सकती है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को करने से पहले सोच विचार अवश्य करना होगा। आपको किसी बात को लेकर यदि क्रोध आए, तो फिर भी आप किसी से कोई ऐसी वैसी बात ना बोले। ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर आगे बढ़ना होगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको कोई जोखिम भरा काम करने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को सोच समझकर धन लगाना होगा। आप किसी घर, मकान, दुकान आदि के खरीदारी की योजना बना सकते हैं, जिसमें आपको धन की कमी के कारण कोई लोन आदि लेना पड़ सकता है। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो आपको उसमें कोई समस्या हो सकती है, जिसके लिए आपको भागदौड़ करनी होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कारोबार में आपको बड़ा ऑर्डर मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम को करने की योजना बना सकते हैं। आप अपने पिताजी से कुछ जरूरी कामों को लेकर टिप्स ले सकते हैं, जिससे आप अपने बिजनेस में आगे बढ़ेंगे। आपकी किसी गलती को लेकर आपको पछतावा रहेगा। मित्रों के साथ आप किसी पार्टी आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी और कहीं घूमने फिरने जाने से पहले आपको अपने सामानों की सुरक्षा अवश्य करनी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपका कारोबार पहले से अच्छा रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी, लेकिन आप अपनी संतान से किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। आपके दिए गए सुझावों का कार्यक्षेत्र में खूब स्वागत होगा और आप अपने घर परिवार में सुख सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान देंगे, जिसमें आप धन भी अच्छा खासा खर्च करेंगे। आपको कुछ बचत की योजना भी बनानी होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपने कार्यक्षेत्र में कोई परिवर्तन करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर किसी पर ज्यादा डिपेंड नहीं रहना है। परिवार में सदस्यों में कोई खटपट चल रही थी, तो वह दूर होगी और रिश्तों में मजबूती आएगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको परेशान करेगा। आप नौकरी में अपने कामों में कोई डील दे सकते हैं, जिस कारण आपके बॉस आपसे नाराज रहेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा, जिससे आपके काम लटकाने की संभावना है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर समस्या रहेगी और आपके मन में भी उथल-पुथल बनी रहेगी। आपको यदि कोई पारिवारिक समस्या लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो आप उसे दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों को बिठाकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपने जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आप किसी नए वाहन के खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। विवाह योग्य जातकों के लिए उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। नौकरी में बदलने का यदि आप प्रयास कर रहे हैं, तो आपको किसी पुराने छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आने की संभावना है, लेकिन आप उसमें भी थोड़ा सोच समझकर की कदम बढ़ाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, जो विद्यार्थी किसी नए कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं, वह आज आवेदन कर सकते हैं। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच विचार करके करनी होगी, नहीं तो उन्हें आपकी बात बोली लग सकती है। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपको आज अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता रहेगी, क्योंकि यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को इस सप्ताह अपनी मेहनत पर भरोसा रखना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पहले व्यतीत करेंगे। आपको किसी काम को लेकर अपनी बुद्धि और विवेक का पूरा इस्तेमाल करना होगा। आपको किसी काम के चलते अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियां को लेकर थोड़ा सतर्क रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। परिवार में लोगों का भरोसा आप आसानी से जीत पाएंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी कुछ नए कामों के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। जीवनसाथी के व्यवहार को लेकर आपकी उनसे खटपट रहेगी। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने को मिल सकता है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आज का दिन आनंदमय रहेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी नए काम को शुरू करने के लिए अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी सेहत को लेकर कोई चिंता हो सकती है, जिसमें आप डील बिल्कुल ना दें। पारिवारिक जिम्मेदारियां को आपको समय रहते पूरा करना होगा। आपको किसी बात को लेकर बेवजह टेंशन नहीं लेनी है।

---

व्यंग्य

# स्वतंत्र कुमार की चुप्पी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गाँव का नाम आजादीपुर था। नहीं, आप गलत मत समझिएगा, यह नाम अंग्रेजों से लड़ते



हुए नहीं रखा गया था। यह नाम इसलिए रखा गया था ताकि लोगों को आजादी की ख्वाहिश न रहे, क्योंकि नाम में ही आजादी मिल गई थी। अब हमारे नायक को ही देखिए, उसका नाम भी स्वतंत्र था। लेकिन वह इतना स्वतंत्र था कि हर सुबह उठते ही खुद को दो थप्पड़ मारता, ताकि उसे याद रहे कि वह खुद के अलावा किसी और से स्वतंत्र नहीं है। गाँव में एक रिवाज था—हर सुबह पंचायत में जाकर कुछ नहीं बोलने का। और अगर कोई बोलने की हिम्मत करता, तो उसे स्वतंत्रता पुरस्कार मिल जाता—एक दिन की जेल, जिसमें वह पूरे दिन अपने ही विचारों में डूबा रहता। इससे बड़ी सजा क्या हो सकती थी? स्वतंत्र का घर भी स्वतंत्र था। वहां कोई दरवाजा नहीं था, ताकि हवा खुद तय कर सके कि कब आनी है और कब नहीं। पर उसके घर में चूल्हा जरूर था, जो बिना लकड़ी के जलता था, ताकि धुआं न निकले और सरकार को जलाने का कारण न मिल जाए।

एक दिन स्वतंत्र ने सोचा, क्यों न मैं भी कुछ कह दूँ? पर फिर उसे याद आया कि गाँव में सबसे बड़े कहने वाले का क्या हाल हुआ था। उसे इतना कहने का शौक था कि उसने चुप रहना सीख लिया था। जब वह बोलता था, तो लोग तालियाँ बजाते थे, क्योंकि वह बोलने के बजाय चुप रहता था।

गाँव में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता था, पर इसका मतलब यह था कि सब लोग एक दिन चुप रहते थे, ताकि पता चल सके कि वे कितने स्वतंत्र हैं। यह दिन तानाशाही के लिए भी खास होता था, क्योंकि उस दिन उसे किसी को चुप कराने की जरूरत नहीं पड़ती थी। सब लोग अपने-आप चुप हो जाते थे।

स्वतंत्र का सबसे बड़ा सपना था—आसमान में उड़ना। पर जब वह छत पर चढ़ा, तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे बताया गया कि आजादी से उड़ा जा सकता है, पर जमीन पर ही। इसलिए उसे दो दिन के लिए स्वतंत्रता से छुट्टी दे दी गई। स्वतंत्रता का मतलब यह था कि आप जो चाहे सोच सकते हैं, पर उसकी आवाज आपके गले से बाहर न निकले। अगर गलती से भी कोई विचार गले से निकल गया, तो वह देशद्रोह हो जाता था।

गाँव के लोगों ने मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने तय किया कि अब से वे कोई योजना नहीं बनाएंगे। योजना बनाना भी तो एक विचार है, और विचारों का क्या होता है, यह सब जानते थे। स्वतंत्र का दिल बहुत बड़ा था। जब भी वह कोई बात दिल से करता, तो उसे अपना दिल छोटा करना पड़ता। बड़े दिल से बड़ी बातें निकलती थीं, और वह जानता था कि बड़ी बातें देश के लिए खतरनाक हो सकती हैं।

गाँव के एक बूढ़े ने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब लोग सच बोलते थे। पर आजकल सच बोलना इतना पुराना हो गया था कि लोग उसे फैशन मानते थे। और फैशन तो हमेशा बदलता रहता है, इसलिए सच भी बदलता रहता था। स्वतंत्र के पास एक पालतू तोता था। वह रोज तोते से कहता, बोल, मियां मिट्ठू बोल। तोता कहता, क्या बोलूँ? यहां बोलने से अच्छा है कि चुप रहूँ। यह सुनकर स्वतंत्र भी चुप हो जाता, क्योंकि तोते की बात में वजन था। एक दिन स्वतंत्र ने सोचा, क्यों न मैं चुप रहूँ? और यही विचार उसे स्वतंत्रता की पराकाष्ठा तक ले गया। अब वह चुप ही रहता था। यह देखकर तानाशाही बहुत खुश हुई। उसने स्वतंत्र को महान स्वतंत्रता सेनानी घोषित कर दिया, क्योंकि उसने चुप रहकर देश की सेवा की थी।

समाप्ति के दिन, स्वतंत्र ने एक बार फिर अपने तोते से कहा, मियां मिट्ठू, अब कुछ तो बोल। तोता हंसा और बोला, अब बोलने का समय गया, अब चुप रहने का समय है। स्वतंत्र की आँखों से आँसू निकल आए। उसने देखा कि उसके आस-पास सब लोग चुप थे। यह चुप्पी आजादी की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। और अंत में, स्वतंत्रता की अंतिम सलामी में, सबने मिलकर एक साथ चुप्पी साध ली।

---

(5 सितंबर शिक्षक दिवस विशेष)

# शिक्षा के व्यापार में गुम होते आदर्श शिक्षक

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



सिर्फ शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम दुनिया में कोई भी सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकते है और बेहतर शिक्षा, संस्कार, कला-गुणों का संचार विद्यार्थी में आदर्श शिक्षक ही कर सकते है। जीवन में शिक्षक का स्थान माता-पिता तुल्य होता है, क्योंकि शिक्षक ही विद्यार्थियों को जीवन में योग्य मार्गदर्शन देकर सफलता के प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए काबिल बनाते है। जीवन में गुरु बिना ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। शिक्षक गुणों की खान होते है, शिक्षक ज्ञानी, विशेषज्ञ, मृदुभाषी, दूरदृष्टि, सहनशील, उत्तम श्रोता-वक्ता, समझदार, प्रोत्साहन कर्ता, अनुसंधानकर्ता, जिज्ञासा वृत्ति, परोपकारी, सत्य, निष्ठा, त्यागी, सदाचारी, धैर्यवान, निर्व्यसनी होते है। शिक्षक अपने सभी विद्यार्थियों को एक स्तर से देखते है, कभी कोई भेदभाव नहीं करते। शिक्षक शिल्पकार की भूमिका में होते है जो अपने विद्यार्थियों को कलागुणों से निखारकर आदर्श विद्यार्थी में तब्दील करते है। हमारे देश में महान शिक्षक समाज सुधारकों के रूप में हमें मिले है।

क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले एवं उनकी पत्नी क्रांतिज्योती सावित्रीमाई फुले जिन्होंने भारत देश में सर्वप्रथम स्त्री शिक्षा की ज्योत जलाने के लिए समाज की घृणा सहन करके लड़कियों के लिए पहली स्कूल स्थापित की। ज्योतिबाजी ने अपनी पत्नी को पढ़ाकर-लिखाकर एक आदर्श शिक्षिका बनाकर एक इतिहास बनाया और फिर दोनों ने मिलकर शिक्षा के मोल को समझकर समाज में नई क्रांति की शुरूआत की। लोगों के ताने, गालियाँ, फब्तियां, तिरस्कार सहते थे, उनपर लोग पत्थर, कीचड़, गोबर फेकते थे। पूरा समाज उनके विरुद्ध होकर भी फुले दंपत्ति निस्वार्थ भाव से अपना सब कुछ त्याग कर शिक्षा की लौ जलाते रहे। एक पल के लिए अगर हम उनके संघर्ष के दिनों की कल्पना भी करे तो हमारी रूह कांप जाती है, ऐसा असहनीय दर्द भरा संघर्ष उन्होंने शिक्षित समाज की नींव रखने के लिए सहा।

धीरे-धीरे अनेक महान समाज सुधारकों ने शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्थानों की स्थापना की। इन शिक्षा संस्थानों का केवल एक ही उद्देश्य था कि सबको बिना किसी भेदभाव या ऊंच-नीच के एक समान शिक्षा का अधिकार मिल सकें। आज हम आधुनिक युग में शिक्षा का स्तर देखते है तो, इसका स्वरूप पिछले कुछ दशकों के मुकाबले बिलकुल विपरीत नजर आता है। बच्चों के शिक्षा के प्राथमिक स्तर अर्थात नर्सरी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा एक पैकेज के रूप में पैसे के हिसाब से मिलता है, इसमें पुस्तकें, यूनिफार्म, कोचिंग, स्टेशनरी हर चीज पहले से तय होती है। शिक्षा के बाजार में प्रतियोगिताएं भी खूब चलती है। कुछ महंगे शिक्षा संस्थान तो फाइव स्टार होटल जैसा अत्याधुनिक सेवा-सुविधाओं वाला पैकेज भी विद्यार्थियों को प्रदान करते है। शिक्षा के क्षेत्र में अब दिखावे को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। सरकारी और निजी ऐसे दो प्रकार के शिक्षा संस्थान हमारे देश में है। सरकारी संस्थान में शिक्षकों का वेतन बेहतर होने के कारण वहां के शिक्षकों की आर्थिक स्थिती समाधानकारक होती है। देश में केंद्र सरकार के आईआईटी, आईआईएम, विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे संस्थान अपने बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाने जाते है, परंतु अन्य संस्थानों में बहुत बुरी स्थिति में शिक्षा प्रणाली नजर आती है। अनेक प्रवेश परीक्षाओं, शिक्षक भर्ती में फजीर्वाड़ा नजर आता है। बड़े-बड़े वेतनभोगी शिक्षकों को अपने विषय का ज्ञान नहीं होता। बहुत से राज्यों की सरकारी शिक्षा संस्थान कबाड़ की दुकान नजर आती है, विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में। नकली पदवी के लिए भी रैकेट सक्रिय है। शिक्षा विभाग में बहुत सी गंभीर समस्याओं की बातें तो जानते है, लेकिन कोई भी खुलकर विरोध नहीं करता है। आज शिक्षक भी व्यभिचार, भ्रष्टाचार, भेदभाव, नशाखोरी करता हुआ दिखता है। प्रसिद्ध निजी शिक्षण संस्थान जो आर्थिक रूप से मजबूत है, वे शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने और बेहतर सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करने का प्रयत्न करते नजर आते है, लेकिन छोटे निजी संस्थान में नियमानुसार योग्यतापूर्ण शिक्षक की भर्ती केवल नाम के लिए होती है, क्योंकि अत्यल्प वेतन पर शिक्षक को नौकरी पर रखना उस शिक्षक से धोखा है, इसलिए ऐसे संस्थानों में हर साल अयोग्य नये शिक्षक आते-जाते है। इस कालावधि में विद्यार्थियों का बहुत नुकसान होता है, शिक्षक भी अपने छोटे-से वेतन के हिसाब से कामचलाऊ शिक्षा प्रदान करते है। ऐसे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों विकसित समाज के लिए रुकावट का काम करते है। आजकल देश में गिरते शिक्षा के स्तर के लिए ऐसी शिक्षा प्रणाली जिम्मेदार है। शिक्षा में अनेक कलंकित करने वाली घटनाएं नित्य घटित होती है, 15 अगस्त 2024 को नागपुर (महाराष्ट्र) के दैनिक भास्कर हिंदी समाचार पत्र के प्रथम पृष्ठ पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में 92 प्रोफेसर पद भर्ती के लिए 30 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने की खबर प्रकाशित हुयी थी, अर्थात हर एक पद के लिए 50-80 लाख रुपए के आसपास। 20 अगस्त 2024 को लोकमत समाचार पत्र में भी छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के एक महाविद्यालय के प्रोफेसर जिनका वेतन पौने तीन लाख रुपए महीना है, उन्होंने अपने एक पीएचडी के विद्यार्थी से 5 लाख रुपये रिश्वत में लेने का तय किया और इसकी पहली किस्त 50 हजार रुपए लेते हुए एंटी करेप्शन ब्यूरो द्वारा प्रोफेसर पकडी गयी, यह खबर प्रकाशित हुयी थी। ऐसी खबरें अक्सर ही पढ़ने-सुनने को मिलती है, इस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी वर्ग इस हकीकत को काफी अच्छे से जानते है। लेकिन इसकी भयावहता का शिकार केवल गरीब और योग्य उच्च शिक्षित उम्मीदवार होता है क्योंकि वह रिश्वत नहीं दे सकता, इसलिए नौकरी प्राप्त कर पाना कठिन होता है। बहुत बार इस समस्या के बारे में कुलगुरु, सत्ताधारी नेता, मंत्री महोदय को अवगत कराया गया लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। गलत मार्ग से शिक्षक जैसे पवित्र पद प्राप्त करने वाले क्या सच में अपने पद की गरिमा, न्याय, निष्ठा बनाकर आदर्श शिक्षक बन पाएंगे? हमारे देश में 20 सालों से भी अधिक समय से योग्य उम्मीदवार यूजीसी-नेट, सेट, स्लेट जैसी असिस्टेंट प्रोफेसर पद हेतु योग्यता परीक्षा पास करके, एमफिल, पीएचडी पदवी प्राप्त करके, अपने जीवन के अनेक वर्ष, पैसा, उम्र इस उच्च शिक्षा को प्राप्त करने में खर्च करके भी उन्हें योग्यतानुसार नौकरी नहीं मिली इसलिए उनकी जिंदगी तबाह हो चुकी है। महाराष्ट्र राज्य में सरकारी सहायता प्राप्त (ग्रांटेड) कॉलेजों में प्रोफेसर पदों या नौकर भर्ती की जिम्मेदारी कॉलेज को दी गयी है, वेतन सरकार करता है लेकिन पद भर्ती कॉलेज करता है। अधिकतर शिक्षा संस्थान में अनुबंध पर शिक्षकों को दिहाड़ी मजदूर से भी कम वेतन प्राप्त होता है। इस महंगाई में जीवन जीना बहुत मुश्किल हो जाता है, इसलिए बहुत बार हताश होकर ऐसे शिक्षक आत्महत्या भी करते है। एक बार मैं चंद्रपुर (महाराष्ट्र) के ग्रामीण क्षेत्र के राज्य सरकार द्वारा अनुदानित लड़को के आवासीय आश्रम विद्यालय में एक दिन के लिए रुका था, तब बरसात का समय था, आश्रम भवन खंडहर की तरह था, दरवाजे की जगह लकड़ियों के टुकड़े जोड़कर काम चलाया जा रहा था, कमरे के अंदर से दीवारें भीगी थी, इतने अपर्याप्त सुविधाओं में छोटे-छोटे विद्यार्थी वहां निचे दरी बिछाकर सोते थे। स्नानगृह, शौचालय बहुत अस्वच्छ थे, इसलिए वहां के विद्यार्थी आश्रम के कुएं पर ही खुले में स्नान करते थे। वहां का रसोईघर देखकर तो किसी को भी भोजन करने की हिम्मत ही नहीं होगी। दीवारों से लगकर ही नालियां बह रही थी, जिसमें मौजूद बड़े-बड़े मच्छर एक पल के लिए भी शांत बैठने नहीं देते थे, ऐसे वातावरण में सांप, बिच्छू का डर बना रहता है। वह दृश्य आज भी याद करता हूँ, तो शरीर कांप जाता है और वहां के बच्चों पर तरस आता है कि देश का आने वाला भविष्य किस बदहाल स्थिति में दिन काट रहा है। आज के युग में सच्चा शिक्षक होना बहुत मुश्किल है।

**एक नजर**

## 6 शिक्षकों ने आईआईटी गांधी नगर में प्रशिक्षण प्राप्त किया

**कांकेर, 5 सितंबर ।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत भारत सरकार की मंशा अनुरूप देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान आईआईटी गांधीनगर गुजरात के साथ मिलकर गणित एवं विज्ञान के शिक्षकों की क्रिएटिव लर्निंग हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला 29 से 31 अगस्त तक आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 6 व्याख्याताओं ने कांकेर जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ राज्य से 50 शिक्षकों का चयन परीक्षा के माध्यम से मेरिट आधार पर हुआ। सभी व्याख्याताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने अनुभव साझा किए।

## शासकीय पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए अंतिम चरण का पंजीयन 9 से 10 सितंबर तक

**कांकेर, 5 सितंबर ।** शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में प्रवेश के अंतिम चरण के लिए रजिस्ट्रेशन 09 सितम्बर से 10 सितम्बर 2024 तक होगा। रजिस्ट्रेशन के पश्चात् आबंटित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 13 से 15 सितम्बर 2024 तक सम्पन्न होगा। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के समस्या निवारण के लिए अभ्यर्थी सुविधा केंद्र बनाया गया है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में प्रथम वर्ष में प्रवेश पीपीटी-2024 या दसवीं के आधार पर होगी, जबकि डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स के द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) में प्रवेश दो वर्षीय आईटीआई या 12वीं उत्तीर्ण के आधार पर आनलाईन काउंसिलिंग द्वारा होगी। वर्तमान में शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में मेकैनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स संचालित है।

## पूर्व प्राचार्य डॉ. रमाशंकर श्रीवास्तव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**कांकेर, 5 सितंबर।** पूर्व प्राचार्य डॉ रमाशंकर श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने बताया कि वे जनसंघ के समय से ही भाजपा के साथ जुड़े हुए थे डॉ श्रीवास्तव ने कहा मैं जनसंघ के समय से ही कार्य कर रहा था, जब श्री हरिशंकर ठाकुर और बृजलाल बाटसाय जैसे आदिवासी नेता थे। चुनाव हारना आदत बन गया था, लेकिन बाद में जनता पार्टी बनी और हम सत्ता में आए। उस समय मैं जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भी रहा। काकेर के श्री बालमुकुंद शर्मा और सुंदर हिरदावनी जी के नेतृत्व में काम किया था। उन्होंने आगे कहा भाजपा के गठन के बाद मैं विद्या भारती से व संघ जुड़ा और परोक्ष रूप से भाजपा का कार्य करता रहा। कुछ वर्षों से मैं सेवानिवृत हो गया हूं, इसलिए मैंने ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश और समाज की रक्षा कर सकती है।

## रेडक्रास समिति की बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर जोर

**महासमुंद 5 सितंबर ।** राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राउत की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला रेडक्रॉस पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन श्री अशोक अग्रवाल, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह मौजूद थे। बैठक में रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और जनरल सेक्रेटरी, एम.के. राउत एवं पदाधिकारियों का स्वागत रेडक्रॉस इकाई कॉलेज की वालेंटियर छात्राओं ने रेडक्रॉस के ध्वज गीत द्वारा अभिनंदन किया गया। बैठक में श्री राउत ने कहा कि रेडक्रास का उद्देश्य सेवाभाव को बढ़ावा देना है। इसके लिए सभी महाविद्यालयों में रेडक्रॉस के संबंध में कार्यक्रम आयोजित कर रक्तदान और अन्य गतिविधियां आयोजित करने, प्रबंध समिति के लिए चुनाव कराने हेतु तिथि, स्थान, समय निर्धारित कर समिति के सदस्यों का चयन 30 सितंबर तक करने कहा। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी में जनप्रतिनिधियों सहित हाईस्कूल से लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सदस्य बनाने पर जोर दिया ताकि सदस्यों के मन में दुर्घटना व आपदा के दौरान पीड़ितों की सहायता, मानवता और निष्पक्षता की भावना पैदा हो। उन्हांने रेडक्रॉस के कार्यों को और अधिक विस्तृत करने हेतु उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों, पुलिस विभाग में खासकर नगर सैनिक, यातायात पुलिस, ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव, पंच-सरपंच को जोड़ने के साथ ही उन्हें फर्स्ट एड (प्राथमिक चिकित्सा) की जानकारी व रेड क्रॉस से संबंधित कार्यों से अवगत कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों से कहा। ताकि मरीज को सही समय में मदद मिल सके और समय की बचत हो।कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित रेडक्रॉस सोसाइटी के गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 188 शासकीय, 82 अशासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में 17 समस्त महाविद्यालयों में यूथ रेड क्रॉस इकाइयों का गठन किया गया है। वहीं जिले में 251 लोगों को आजीवन सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 342 निःक्षय मित्र बनाए गए हैं। उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा संचालित दवा दुकान, ब्लड बैंक के सम्बंध में विमर्श किया। इसके साथ ही जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।रेडक्रॉस के कार्यां और गतिविधियों से प्रभावित होकर श्री सुभाष गिरी गोस्वामी ने देह दान करने की घोषणा की थी। उनके इस मानवीय पहल के लिए रेडक्रॉस के जनरल सेक्रेटरी व चेयरमेन सहित सभी सदस्यों ने मानवता की अद्भुत मिशाल पेश करने के लिए श्री गोस्वामी को शॉल, श्रीफल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में रेड क्रॉस सोसायटी की सभापति श्रीमती अनिता जी रावटे, उपसभापति श्री दाऊलाल चंद्राकर, श्रीमती रश्मि चंद्राकर सदस्य, सीईओ जिला पंचायत श्री एस. आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया, जिला रेडक्रॉस समिति के सदस्य व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेशोत्सव की तैयारी पूरी

- शनिवार को जगह-जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता
- गणेश की प्रतिमाएं बिकने पहुंची बाजार, सज रहे पंडाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 5 सितंबर।** प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना की तैयारियां अब करीब करीब अंतिम दौर में है। जिला मुख्यालय व ग्रामीण अंचलों समेत अनेक स्थानों में छोटे बड़े गणेश की प्रतिमा स्थापित करने युवा व बच्चे जी जान से जुटे हुए हैं। गणेश समितियों द्वारा कई स्थानों पर आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं बाजारों में तैयार होने के बाद गणेश की छोटी बड़ी प्रतिमाएं बिकने के लिए पहुंच चुकी है। विभिन्न गणेशोत्सव समितियों द्वारा चतुर्थी की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

गणेश चतुर्थी व हरितालिका पर्व को लेकर बाजारों में चहल पहल बढ गई है। 07 सितंबर दिन शनिवार को गणेश चतुर्थी है। उस दिन शुभ मुर्हूत में जगह जगह प्रथम पूज्य भगवान गणेश की मूर्तियां विराजित होंगी। मूर्तियां बनाने वाले कलाकार छोटी मूर्ति को जहां अंतिम रूप देकर उसे बाजारों में बेचने के लिए भेज चुके हैं तो वहीं बड़ी मूर्तियों को फाइलन टच देने का काम अभी भी जारी है। बाजारों में अभी छोटे गणेश की प्रतिमाएं बिकने के लिए लाई गई हैं। काफी संख्या में लोग गणेश की प्रतिमा खरीदने बाजारों में पहुंच रहे हैं। छोटे आकार वाले गणपति की जमकर बिक्री होने की खबर है। गणेश प्रतिमा की कीमतों में पिछले साल की तुलना में लगभग 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। रंग, पेंट, फेवीकोल सहित अन्य सामाग्रियों के मूल्य में वृद्धि के चलते भगवान गणेश भी महंगाई से नहीं बच सके। लेकिन आस्था व श्रद्धा के चलते महंगाई के बाद भी गजानंद शनिवार को चतुर्थी के शुभ अवसर पर पूरे जोशो उत्साह के साथ जगह जगह विराजेंगे। गणेशोत्सव को लेकर पंडालों में सजावट का काम तेजी से चल रहा है। गणेश उत्सव को लेकर ग्रामीण अंचलों में भी व्यापक तैयारियां की जा रही है। युवा व बच्चे अपने मोहल्लों व गलियों में गणेश बिठाने छोटे छोटे सुंदर आसन बना चारों ओर त्रिपाल व तोरण लगाने के काम में लगे दिखाई पड़ रहे हैं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बस स्टेंड, दुर्गा चौक, ब्लाक कालोनी, मंदिरपारा, हुडको कालोनी, आंवराभाटा, ट्रायवल कालोनी ब्लाक कालोनी, कैलाशनगर, समेत चितालंका, कारली, पातररास, कुम्हाररास, बालुद समेत सैकड़ों स्थानों पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। जिसके बाद पूरे 11 दिनों तक हर तरफ बप्पा की धुम मची रहेगी। बच्चे गणेश चतुर्थी को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग गणेश की मूर्ति खरीदी करने जिला मुख्यालय पहूंच मन पसंद की गणेश खरीद रहे हैं।

# संपूर्णता अभियान के तहत जिले के 34 स्कूलों में छात्र-छात्राओं को कराया गया न्यौता भोज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 सितंबर ।** जिले में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित न्यौता भोजन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में संपूर्णता अभियान के तहत् आकांक्षी जिला अंतर्गत संचालित 34 स्कूलों में न्यौता भोजन कराया गया। न्यौता भोजन कार्यक्रम के तहत बच्चों को खीर, पूड़ी व अन्य व्यंजन परोसे गए। कार्यक्रम भारत सरकार नीति आयोग के साथ राज्य शासन की भी अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों में से एक है। जिसके तहत् सामुदायिक आधार पर अतिथि भोजन का प्रावधान किया गया है। इस पहल पर आयोजित अतिथि भोजन में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में शासन द्वारा इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों एवं त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। न्यौता भोज पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। यह शाला और स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल के विकास में सहायक होगा। वहीं पूरक पोषण के माध्यम से न्योता भोजन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने में मदद करेगा।

## दुष्कर्म पीड़िता से मिलने पहुंची पीसीसी की गठित जांच टीम

**महासमुंद।** महासमुंद जिले की एक महिला से रायपुर के बस स्टैंड में दुष्कर्म हुई। पीड़िता को महासमुंद सखी सेंटर में रखा गया है। उक्त महिला से कल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित विधायकों की जांच टीम मिलने पहुंची। संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में वाली टीम में पामगढ़ विधायक हंसराज हरवंश, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री सीमा वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. करूणा कुर्रे, छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव संगीता दुबे शामिल थीं। विधायकों ने दुष्कर्म पीड़िता से मुलाकात कर हाल जाना। तथा घटना के संबंध में जानकारी ली व पीड़िता का बयान लियाइस दौरान देखने में मिला कि घटना की सदमें से पीड़िता उबर नहीं पाई है। पीड़िता ने आप बीती विधायकों को बताई। पीड़िता को देखकर विधायकों व जाँच टीम के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश अपराध का गढ़ बन गया है।

# सीएसपी ने बताया,नशे के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही






**भिलाई, 5 सितंबर।** भिलाई नशे के कारण होने वाले अपराध एवं सामाजिक बुराई को रोकने के लिए थाना छावनी में एक युद्ध नशे के विरूद्ध संकल्प जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि नशे के खिलाफ तीन तरह की कार्रवाइयों पर प्रकाश डाला पहला नशे के विरुद्ध समाज में जागरूकता फैलाना, दूसरा अवैध नशे के नेटवर्क पर प्रहार और तीसरा पुनर्वास के माध्यम से सुधार नशे के कारण मानव परिवार और समाज पर पड़ने वाले कुप्रभाव पर भी विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में हितेश पिस्दा एसडीएम छावनी, अमित परिहार उपसंचालक समाज कल्याण दुर्ग, गुरुदत्त पंचभाये तहसीलदार छावनी/भिलाई , अजय कल्याणी, निदेशक कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र दुर्ग केशव पटेल कार्यकर्ता मानव सेवा संस्थान।

# दशहरा की परंपरा को संरक्षित करना हमारा दायित्व है:महेश कश्यप



**जगदलपुर 5 सितंबर ।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष श्री महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप,महापौर श्रीमती सफीरा साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मणिराम कश्यप,जनपद पंचायत अध्यक्ष टी मरकाम,माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के श्री कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री हरेश मंडावी, तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव श्री रुपेश मरकाम सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थेबैठक में नए उपाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जिसमें लक्ष्मण मांझी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी मांझियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद श्री महेश कश्यप ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा हमारी बहुत पुरानी परंपरा और संस्कृति है, हमारे पूर्वजों ने आमचो बस्तर की स्थानीय संस्कृति, रीति- रिवाज, लोक परंपरा को सहेजकर रखा है। हमे भी इस परंपरा- संस्कृति को संरक्षित करना है। संस्कृति को आधुनिकता के प्रभाव से बचाना है और नव पीढ़ी को भी परिचित कराना है। दशहरा में सभी समाज की सहभागिता रहती है, दशहरा में अलग-अलग समाज अपने दायित्व का निर्वहन करते है यह सामाजिक एकता का प्रतीक है इस दौरान विधायक श्री गोयल ने कहा कि विख्यात बस्तर दशहरा पर्व को सब लोग मिलकर उत्साहपूर्वक मनायेंगे। बस्तर दशहरा पर्व के लिए सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करेंगे। बैठक में माटी पुजारी श्री कमलचंद भंजदेव व ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है।इस पर्व में सभी को आमंत्रण देने की व्यवस्था, मांझी - चालकी की नियुक्ति, देवी देवताओं का आश्रय स्थल की व्यवस्था पर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा। इस अवसर पर मांझी-चालाकियों ने भी बस्तर दशहरा की सभी परंपराओं के नियमानुसार पालन तथा इसके सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन के लिए सुझाव दिए। बैठक में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि वर्ष 2023 में ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के उपयोग की गई बजट और वर्ष 2024 बस्तर दशहरा आयोजन के लिए आबंटित बजट की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पुराने तहसील कार्यालय में बनाए जा रहे दसरा पसरा की जानकारी दी, इस दसरा पसरा में प्रशासन द्वारा आदिवासी जनजातियों के संस्कृति एवं इतिहास के संरक्षण हेतु भवन को निर्मित की जा रही है। साथ ही संस्कृति और इतिहास के संबंध में ऑडियो- विजुअल प्रस्तुति दी जाएगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु खुला सभागार, कैफेटेरिया और संचालन समिति हेतु प्रशासनिक भवन के रूप में उपयोग करने की बात बताई साथ ही नकटी सेमरा में एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम लगाने की भी जानकारी दी।नकटी सेमरा में दशहरा वन में एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओ के नाम से पौधरोपण बस्तर दशहरा के आयोजन समिति के बैठक के उपरांत अतिथि और मांझी, चालकी के द्वारा नकटी सेमरा में स्थित दशहरा वन स्थल में 251 पौधों को रोपण किया गया। यह पौधें बस्तर दशहरा में उपयोग की जाने वाली लकड़ी फुल से संबंधित पौधों का रोपण किया गया है। ज्ञात हो कि बस्तर दशहरा हेतु प्रति वर्ष रथ निर्माण के लिए लगभग 200 पेड़ काटा जाता है। रथ निर्माण के लिए कोमी, घमन, पारा, मगरमुही जैसे विभिन्न किस्मों के पेड़ो को काटा गया है। इन पेड़ो की प्रतिपूर्ती हेतु बस्तर दशहरा पर्व 2024 के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्य एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम के माध्यम से विभिन्न किस्मों के सामाजिक पुज्यनीय पौधे जैसे साजा आदन, साल (सरगी), महुआ, आम, कसी, सियाडी, भेलवा, सिवना, आम, छिंद, सल्फी बेल, नीम, आंवला, पलास, फरसा, कुड़ई, हजारी कनेर,तेंदू, कुसुम, सागौन, बांस, जामून एवं अन्य प्रकार के पौधे का रोपण किया गया है।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिलाई उल्लास शपथ



**सुकमा, 5 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री एस. हरिस एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को जिले में साक्षरता का वातावरण निर्माण करने सुकमा जेल में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत उल्लास साक्षरता केन्द्र की स्थापना की गई।जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी ने बताया कि सुकमा जेल में 75 से अधिक ऐसे निरक्षर है जो कि शिक्षा के मुख्यधारा से वंचित है जिसके कारण उनको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसका चिन्हांकन कर उल्लास नव भारत भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत कर उल्लास प्रवेशिका एवं स्वयंसेवी शिक्षक हेतु मार्गदर्शिका का वितरण किया गया।इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गीतेश गीतेश कुमार कौशिक, किशोर न्याय बोर्ड के मजिस्ट्रेट श्री अविनाश दुंबे, अधिवक्ता श्री कैलाश जैन सुकमा जेल के अधीक्षक श्री राजेश बिसेन, जिला परियोजना अधिकारी श्री एसएस चौहान नोडल अधिकारी अगस्टिन कुमार राम , रिसोर्स पर्सन पुरन नवरत्न एवं राजेश सोनकर साक्षरता प्रभारी गजेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## सिरोंचा मार्ग की मरम्मत शुरू



**भोपालपटनम,5 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एन .एच.63 भोपालपटनम सिरोंचा महाराष्ट्र जो भारी बारिश के चलते अत्यंत जर्जर हो गया था इस स्थिति के चलते वाहनों का मार्ग में चलना काफी जोखिम हो गया था और आये दिन मार्ग मे जाम की सिथति निर्मित हो रही थी ऐसी परिस्थितियों के बीच भोपाल पटनम. और सिरोंचा के मीडिया प्रतिनिधियों ने मार्ग की बदहाली को लेकर महाराष्ट्र राज्य के विभागिय अधिकारियों को समाचार के माध्यम से अवगत कराया जिसके परिणाम स्वरूप विभागीय अधिकारी नींद से जागे अब मार्ग का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है आने वाले दिनों में आम लोगों को खासकर वाहन चालकों को गढ्ढों से निजात मिलेगीयहां बतादें सिरोंचा आसरली पातागुडममार्ग काफी जर्जर हो गया था मिडिया की खबर के बाद महाराष्ट्र के विभागिय मंत्री के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने तत्काल मार्ग का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

## चंद्रैया गोटे का शव 20 घंटे बाद मिला



**भोपालपटनम,5 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम गोरगुंडा पंचायत. बामनपुर निवासी चंद्रैया गोटे 38 वर्ष जो कि चिंता बागू नदी पार करते पानी के तेज बहाव मे बह गया था का शव 18 घंटे की मशक्कत के बाद बाढ बचाव दल ने खोज निकाला है तथा शव को परिजनों को सौंप दिया गया है बाढ बचाव दल.जान जोखिम में डाल कर उफनते पानी मे उतर कर चंद्रैया गोटे के शव को ढूंढ निकाला इस तरह रेसक्यू टीम लगातार अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए जिले के उफनते नदी नालों से गर्भ वती महिलाओं बीमारियो से ग्रामीणों की जान बचाने मे अहम भूमिका निभाई है।

## वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हैं बीईओ

**जगदलपुर, 5 सितंबर।** प्रशासन में कुछ धरती पकड़ जैसे अधिकारी होते हैं। जहां जमे तो जुगाड़ लगा कर जमे ही रहते ही हैं। स्थानांतरण की प्रशासनिक प्रक्रिया उनके लिए लागू नहीं होती है। अब देखो न खंड शिक्षा अधिकारी लंबे समय से एक ही स्थान पर काबिज है। यहां अनेक अनिमितताएं की जा रही है। शासन ने संलग्नीकरण को तो समाप्त कर दिया है पर खंड शिक्षा कार्यालय जगदलपुर में चार-पांच कर्मचारियों को संलग्न कर दिया गया है स्कूल व आश्रम के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जा रही है। यह जांच का विषय है। स्पष्ट है कि एक ही स्थान पर वर्षों जमे रहने के कारण उस अधिकारी के हौसले बुलंद हो जाते है। मनमानियां बढ़ जाती है। शासन को इस दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए।

## 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान




**जगदलपुर, 5 सितंबर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आगामी 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान में व्यापक जनभागीदारी पर जोर देते हुए शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्र में अभियान के दौरान सभी गतिविधियों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित करने सहित लोगों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित किये जाने कहा। मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नवीन लक्ष्य के अनुरूप आवास निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की और आगामी 15 सितम्बर को हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त के अंतरण हेतु कार्यक्रम आयोजन की तैयारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग इत्यादि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आवास स्वीकृति,ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधारने क्रांतिकारी निर्णय : रूपकुमारी

**महासमुंद,5 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 8,46,931 आवासों की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि एसईसीसी-2011 की सूची के अनुसार 6,99,331 और आवास प्लस सूची के अनुसार 1,47,600 आवासों की स्वीकृति से ग्रामीण इलाकों के लाखों परिवारों के अपने घर का सपना साकार होगा।भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि ÷सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण÷ के मूलमंत्र के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने में अनथक कर्मरत प्रधानमंत्री श्री मोदी न केवल ग्रामीण परिवारों के स्थायित्व व सुरक्षा-बोध को सुनिश्चित कर रहे हैं, अपितु यह स्वीकृति प्रदान कर केंद्र की सरकार ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के अपने संकल्प की पूर्ति की दिशा में क्रांतिकारी निर्णय लिया है जो राज्य के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। श्रीमती चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने नौ माह के अत्यल्प कार्यकाल में जितनी उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, वह बेमिसाल हैं। भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अपने शुरुआती छह महीनों में ही गरीब, किसान, आदिवासी, महिलाओं तथा युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर सुशासन से समृद्धि का द्वार खोला है। आवासों की इस स्वीकृति से प्रदेश की भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता के प्रति जनविश्वास और दृढ़तर हुआ है और प्रधानमंत्री आवासों को लेकर मिथ्या प्रलाप करने वाले कांग्रेस के लोगों को भाजपा की डबल इंजन सरकार ने काम करके मुँहतोड़ जवाब दिया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि इस स्वीकृति से यह बात पूरी प्रामाणिक सिद्ध हो गई है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट में ही भाजपा की प्रदेश सरकार ने 18 लाख ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को स्वीकृति प्रदान की थी।

### मासिक समीक्षा बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, संजीवनी एक्सप्रेस के टी.एम.टी, जिला मितानिन समन्वयक की उपस्थिति में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण किशोर स्वास्थ्य एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति, एनएचएम अंतर्गत राष्ट्रीय कैंसर, ह्दयरोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, मेटरनल हेल्थ, शिशु टीकाकरण, घर-घर सर्वे करने के लिये व यू-विन पोर्टल में शत-प्रतिशत एण्ट्री करने, परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हाईरिस्क गर्भवती माताओं के फालोअप, खान-पान, दवा की काउन्सिलिंग करने के लिये निर्देशित किया गया तथा बायोमेडिकल वेस्ट के विषय में चर्चा की गई।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाए गए है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना, सामान्य सुविधा केन्द्र, सामान्य उदभवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैंकों से ऋण हेतु योजना शामिल है। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजना में 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी को पात्रता होगी तथा वह इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न हो। इसी तरह अनुदान की पात्रता, पूंजीगत अनुदान अंतर्गत व्यक्तिगत परियोजना-पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये, स्व-सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये, किसान उत्पादक संघ पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत एवं सामान्य उदभवन केन्द्र पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत शामिल है।

# गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घटारानी में स्थित मां शारदा मंदिर में चोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 5 सितंबर।** राजिम लगातार असमाजिक तत्वों के द्वारा शांति प्रिय क्षेत्र गरियाबंद जिले का माहौल खराब किया जा रहा हैं और लोगों की धार्मिक आस्था भावनाओं के खिलाफ ! कभी शिवलिंग की तोड़-फोड़ हो या मंदिर देवालयों में चोरी की घटना हो लगातार अशांति बढ़ रहे हैं इन गुंडे बदमाश, असामाजिक तत्वों को पुलिस का खौफ भी नहीं याद दिला दे कुछ महिने पहले फिगेंश्वर ब्लाक के दुतकैय्या गांव में शिवलिंग तोड़-फोड़ मामला शांत ही हुआ था कि बोरसी में एक बार फिर शिवलिंग को उठाकर नदी में फेंकने का मामला सामने आया है धार्मिक भावनाओं को आहत होते एवं दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई को लेकर ग्राम बोरसी के ग्रामीणों द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया गया था और दूसरे रोज छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहें जानें वाले राजिम त्रिवेणी संगम में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में रखें दान पेटी को चोरी कर रकम निकाल नदी में दान पेटी फेक नौ दो ग्यारह हो गए तो वहीं गरियाबंद जिले में स्थित घने जंगल चारों ओर हरियालियो से घिरे पहाड़ों पर स्थित मां घटारानी दरबार में मां शारदा मंदिर के दान पेटी की चोरी हैरत करने वाली बात यह है कि चोरी से पहले चोरों ने मंदिर में स्थापित मूर्ति को प्रणाम किया और फिर दानपेटी उठाकर फरार हो गए. चोरी की यह घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. यह मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र का है.

कैमरे में कैद चोरी की घटना में देखा जा सकता है कि तीन युवक रात के अंधेरे में मंदिर के अंदर प्रवेश करते दिख रहे हैं, इसमें से एक चश्मा लगाया हुआ है. ये तीनों मंदिर के अंदर घुसते हैं. चोरों में से एक काले रंग का शर्ट पहना चोर मां शारदा के मंदिर में घुसता है और पहले मूर्ति को प्रणाम करता है फिर बाहर निकलता है. उसके बाद वह अपने साथी के साथ अंदर आता है और दान पेटी उठाकर दोनों फरार हो गए. उसके बाद में चोरों ने दान पेटी से पैसे निकालकर उसे बाहर जंगल में फेंक दिया. जिसे बरामद कर लिया गया है. मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर ली है और ष्ह्ल1 फुटेज के आधार पर चोरों के तलाश में जुटी हुई है.

## साक्षरता दिवस पर जागरूकता अभियान चलाने को दिया निर्देश



**बीजापुर,5 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में 8 सितम्बर साक्षरता दिवस के अवसर पर पूरे सप्ताह साक्षरता जागरूकता अभियान चलाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चकियार द्वारा सभी परियोजनाओं को निर्देशित किया गया है कि पोषण माह अंतर्गत गतिविधि के साथ-साथ साक्षरता दिवस पर ग्रामों में विभिन्न प्रकार के गतिविधि का आयोजन कर साक्षरता के प्रति किशोरियों एवं महिलाओं में जागरूकता फैलाना है शिक्षा के बारे में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधी, स्वसहायता समूह, महिला मण्डलो, स्वयं सेवको के माध्यम से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के संबंध में जागरूक करना है और शिक्षा के महत्व को बताया जाना है साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारो संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दिया जाना है बच्चों एवं महिलाओं के प्रति होने वाले यौन उत्पीडन, बाल शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, कार्य स्थल पर यौन उत्पीडन, दहेज निवारण कानून, छग टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम, भरण पोषण संबंधित कानून, प्रसूति अधिनियम, मानसिक योग्यता से पीड़ित व्यक्ति की जानकारी, बच्चा गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, अनाथ बच्चों में वैधानिक प्रक्रिया, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार एवं जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को स्कूल से जोड़ने से संबंधित कार्य किया जा रहा है शिक्षा के अभाव से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया जा रहा हैं। इसके साथ ही पोषण संबंध में जागरूक किया जा रहा है कि सही पोषण से एनीमिया एवं कुपोषण से निजात पाया जा सकता है इस लिए पोषण भी पढ़ाई भी की दिशा में हम सबको कार्य किया जाना है। सेक्टर स्तर पर महिला समूहों की बैठक, किशोरियों की बैठक कर उनको स्वास्थ्य पोषण एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## तीज व पोला पर्व पर राशि के आयोजित विविध कार्यक्रमों का महिलाओं ने उठाया लुत्फ

**महासमुंद, 5 सितंबर।** बुधवार को शहर का महामाया तालाब परिसर महिलाओं से गुलजार रहा। महिलाओं के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग मटका फोड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी कूद और नृत्य करते हुए नजर आई। मौका था नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग और वार्डवासियों द्वारा आयोजित तीज मिलन और पोला पर्व पर आयोजित कार्यक्रम का जहां श्रीमती महिलांग के साथ कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं ने दिनभर विविध स्पर्धाओं में भाग लिया और कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को महामाया मंदिर परिसर में पोला एवं तीज मिलन पर्व कार्यक्रम हर्सोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती महिलांग द्वारा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, मटका फोड़, रस्सी कूद, ग्रुप डांस, एकल डांस, फैंसी ड्रेस स्पर्धा एवं बच्चों के लिए ग्रुप डांस और फैंसी ड्रेस स्पर्धा आयोजित की गई जिसमें में बच्चें राधा-कृष्ण और मीरा के वेशभूषा में पहुंचे। कार्यक्रम में महिलाओं के साथ बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभापति सरला मदनकर, पार्षद शोभना यादव, सती चंद्राकर शिफ़ा धनवानी, ईशा टंडन, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, ममता बग्गा, मनीषा परोहा, डॉली मदनकर, कीर्ति चंद्राकर, साक्षी भारद्वाज, मनीषा भारद्वाज, पूजा भोई, नेहा भोई, प्रभा, लक्ष्मी ध्रुव, ईश्वरी, रामेश्वरी चंद्राकर समेत बड़ी संख्या में विभिन्न वार्डो से करीब 300 से अधिक महिलाओं और बच्चें शामिल हुए।

### महिलाओं के लिए किया गया करू भात का आयोजन

नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग द्वारा तीज पर्व की परंपरानुसार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची महिला बहनों के लिए करू भात का आयोजन किया महिलाओं ने पर्व के परंपरा को निभाते हुए करू भाता खाया। वही बच्चों और अन्य के लिए भी भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

### कार्यक्रम शामिल महिलाओं को पर्व पर की गई साड़ी भेंट

कार्यक्रम में शामिल हुई सभी महिलाओं को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने पर्व की परंपरानुसार साड़ी और श्रृंगार सामग्री भेंट की और पर्व की बधाई दी।

## मोनू केसरी ने संभाली भाजपा सदस्यता अभियान की कमान



**खरसिया।** भारतीय जनता पार्टी के युवा हस्ताक्षर आंदोलनकारी नेता मोनू केसरी ने दिनांक 04 सितंबर को खरसिया विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम बरभौना, कुकरीचोली, तेन्दूमुडी, जामपाली, पुसल्दा एवं गुरदा के सैकड़ो लोगों को भाजपा सदस्यता एप के माध्यम से सैकड़ों युवाओं को भाजपा का सदस्य बनाया। युवा नेता केसरी ने भारतीय जनता पार्टी की जन उपयोगी योजनाओं को बारे में एवं देश के यशश्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षो के कार्यो के बारे में प्रचार-प्रसार करते हुए आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण युवाओं को भाजपा के सदस्य बनाते हुए अगले विधानसभा चुनाव में खरसिया विधानसभा सीट से भाजपा का परचम लहराने हेतु भाजपा के विकास कार्यो को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने हेतु कार्य करने को प्रेरित किया। इस दौरान जयकिशन राठौर, संतोष यादव, भीमसेन डनसेना, अजय कुमार डनसेना, कृश डनसेना, भीमा डनसेना, राजू सारथी, धरमू राठिया, हेमंत राठिया, संतोष राठिया सहित सैकड़ों युवाओं को भाजपा का सदस्य बनाया गया।भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत झोंक देने वाले भाजपा के उभरते सितारे मोनू केशरी ने आगामी 2028 विधानसभा चुनाव के लिए युवाओं को अभी से चार्ज करना शुरू कर दिया है। वे गांव-गांव का दौरा कर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भाजपा से जोड़ने में लगे हुए है एवं सदस्यता दिलाने के साथ ही सभी 2028 में फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार लाने को दृढ़ संकल्पित है।

## उच्चतम न्यायालय के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में ताजुद्दीन हुए शामिल



**बीजापुर,5 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उच्चतम न्यायालय के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत मंडपम नई दिल्ली में 31 अगस्त 2024 एवं 01 सितम्बर 2024 को जिला न्यायालय के न्यायाधीशों की दो दिवसीय भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे भारत वर्ष से जिला न्यायालय के चयनित न्यायाधीशों को आमंत्रित किया गया। बीजापुर जिले का प्रतिनिधित्व ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया।31 अगस्त 2024 को कार्यशाला का शुभारंभ भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. जस्टिस डी. वाय. चंद्रचूड़, केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन मेघवाल, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों एवं विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुकदमों की लंबित संख्या पर चिंता जाहिर की गई, साथ ही निराकरण की गति पर संतोष व्यक्त किया गया।01 सितम्बर 2024 को कार्यशाला का समापन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के द्वारा किया गया। राष्ट्रपति द्वारा अपने उद्धबोधन में पक्षकारों को त्वरित न्याय दिलाये जाने की पैरवी की गई, साथ ही यह भी व्यक्त किया गया कि ग्रामीण जन आज भी न्यायाधीशों को देवतुल्य मानते हैं दो दिवसीय कार्यशाला में भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. जस्टिस डी. वाय. चंद्रचूड़ पूरे समय उपस्थित रहे, साथ ही छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री जस्टिस रमेश सिन्हा ने भी कार्यशाला में भाग लिया। दोनों मुख्य न्यायाधिपति द्वारा कार्यशाला के समापन पर छत्तीसगढ़ जिला न्यायालय के नामांकित न्यायाधीशों के साथ फोटो सेशन भी करवाया गया।

## प्रदेश के बाहर से डीजल आयात कर अवैध रूप से भंडारित करने पर कलिंगा कमर्शियल कार्पो. पर हुई कार्रवाई



**रायगढ़, 5 सितम्बर।** प्रदेश के बाहर से डीजल परिवहन आयात कर अवैध भंडारण के मामले में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड के द्वारा अवैध रूप से भंडारित किए गए 34 हजार लीटर डीजल को टैंकर सहित राजसात करने के साथ कंपनी को जारी विस्फोटक लाइसेंस निरस्त करने विस्फोटक नियंत्रक रायपुर को लिखा है।

छाल से घरघोड़ा मार्ग में वाहन टैंकर में अवैध रूप से डीजल का परिवहन करते हुए पाये जाने पर खाद्य विभाग, रायगढ़ के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें उक्त टैंकर में 34 हजार लीटर डीजल भरा हुआ पाया गया, जो कि कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड के द्वारा प्रदेश के बाहर से आयात किया जा रहा था। प्रकरण में कलिंगा कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पेट्रोलियम नियम 2002 के उल्लंघन किया जाना प्रमाणित होने के कारण कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रकरण में जप्त डीजलमय वाहन को राजसात किए जाने का आदेश पारित करते हुए कंपनी को जारी विस्फोटक अनुज्ञप्ति को निरस्त किए जाने हेतु विस्फोटक नियंत्रक रायपुर को कार्यवाही हेतु लिखा गया है।खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्म कोयला खनन, कोयला लोड अनलोड, परिवहन सहित अन्य कार्यो के लिए संबंधित परिसर में अपने वाहनों एवं मशीनरी के लिए उक्त डीजल का आयात किया जा रहा था। कंपनी के पास इंडियन ऑयल कार्पोरेशन से अनुबंधित कंज्यूमर पम्प का भण्डारण लायसेंस है, जबकि जांच में उक्त कंपनी द्वारा कंज्यूमर पम्प के भूमिगत टैंक के अतिरिक्त वाहनों जिसमें रिफ्यूलर टैंक भी शामिल है। (जांच में रिफ्यूलर टैंक का विस्फोटक लाईसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया)का उपयोग भण्डारण के लिए किया जाना पाया गया। इसी प्रकार कंपनी द्वारा रिलायंस, एचपीसीएल से ऑयल क्रय किया जाना पाया गया जबकि कंपनी को जारी एनओसी में केवल आईओसीएल से अनुबंध का उल्लेख है, जो पेट्रोलियम नियम 2002 के तहत उसे प्रदाय लाईसेंस की शर्तो का उल्लंघन है। 27 जुलाई 2024 को एचपीसीएल मुगलसराय डिपो से 29 हजार लीटर डीजल (एचएसडी)लाया जाना पाया गया।

उक्त तथ्यों के आधार पर जांच दल लोडमय डीजल टैंकर जप्त कर मेसर्स कलिंगा कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड के विरूद्ध प्रकरण निर्मित कर न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया।

## बालाजी राइस प्रोडक्ट पर 50 हजार रुपये जुर्माना कलेक्टर ने ब्लैकलिस्टेड करने के दिए निर्देश

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** पंजीकृत कस्टम मिलर्स मेसर्स श्री बालाजी राईस प्रोडक्ट द्वारा कस्टम मिलिंग हेतु धान उठाव के अनुपातिक कम चावल जमा किया गया था। प्रकरण के जांच उपरांत कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश की कंडिकाओं के उल्लंघन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी को संबंधित फर्म पर आगामी विपणन वर्ष 2024-25 के लिए काली सूची में दर्ज करने तथा इस वर्ष कस्टम मिलिंग के कार्य हेतु पंजीयन नहीं करने के आदेश दिए है।खाद्य अधिकारी, रायगढ़ श्री खुमेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के निराकरण हेतु पंजीकृत कस्टम मिलर मेसर्स श्री बालाजी राईस प्रोडक्ट, ग्राम-कंचनपुर, तहसील घरघोड़ा प्रोप्राईटर श्री चन्द्रदीप अग्रवाल द्वारा अनुबंध में 24100 क्विंटल धान का उठाव किया गया। जिसका अनुपातिक चावल कुल 16147 क्विंटल जमा किया जाना था। किन्तु मिलर द्वारा कुल 9820 क्विंटल चावल जमा किया गया तथा 1740 क्विंटल धान जशपुर एवं खरसिया भेज दिया गया। जांच में भौतिक सत्यापन में 6420.35 क्विंटल घान (4301.64 क्विंटल चावल)का अंतर पाया गया। जिस पर कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश की कंडिकाओं के उल्लंघन करने पर प्रकरण दर्ज कर 619 क्विंटल चावल, 303 क्विंटल धान जप्त किया गया प्रकरण में कलेक्टर रायगढ़ द्वारा मिल संचालक को नोटिस दिया गया किन्तु मिल संचालक द्वारा अनुपस्थित रहने के कारण 1 जुलाई 2024 को एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए मेसर्स बालाजी राईस प्रोडक्ट कंचनपुर घरघोड़ा के प्रोप्राईटजर श्री चंद्रदीप अग्रवाल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश की कंडिका में उल्लंघन किए ।

## भोपाल पटनम हैदराबाद मार्ग बहाल



**भोपालपटनम, 5 सितंबर।** पिछले दो दिनों से एन एच 163 भारी बारिश के कारण गोदावरी के टेकगुडम में सड़क पर पानी भर जाने से भोपाल पटनम हैदराबाद मार्ग बाधित हो गया था जो कि बुधवार की देर शाम बाढ का पानी कम होने से मार्ग बहाल हुआ इसके साथ ही सैकड़ों वाहन जो दोनों ओर फंसे थे अपने गंतव्य की रवाना हुए इस बीच बाढ में फंसे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी बहरहाल मार्ग के खुल जाने से वाहन चालकों को राहत मिली है फिलहाल अभी भी बीजापुर और आसपास के क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं रुक रूक कर बारिश हो रही है।

## भैरमगढ़ में अधिकारियों ने मां के नाम पर पौधे लगाए




**बीजापुर,5 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**नगर पंचायत भैरमगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमे आंवला , नीबू, पपीता, सीताफल, मुनगा आदि देशी पौधों का रोपण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ़ श्री विकास सर्वे सहित सीएमओ तहसीलदार ,पटवारी , समस्त कर्मचारी गण तहसील कार्यालय ,स्वच्छता दीदी ,आदि समस्त कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।

# भाजपा का सदस्य एक अंक ही नहीं,राष्ट्रवादी विचारधारा का वाहक है:सुनील सोनी

**महासमुन्द, 5 सितंबर।** 4 सितंबर को भाजपा का जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शंखनाद,कार्यकर्ताओ को भाजपा के टोल फ्री नम्बर 8800002024 पर मिस्ड कॉल और मोबाइल एप के माध्यम से पुनः सदस्य बनाने के साथ हुई 7 सदस्यता महापर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के पूर्व मुख्यवक्ता रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी,महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर ,पूर्व विधायक चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा,पूर्व विधायक परेश बागबाहरा,त्रिलोचन पटेल,प्रदेश सदस्य इंदजीत सिंह गोल्डी,विधानसभा संयोजक चंद्रहास चन्द्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चन्द्राकर ,जिला महमनात्री प्रदीप चंद्राकर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियो द्वारा भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम पूजार्चना कर सदस्यता पर्व कार्यक्रम आरम्भ किया गया 7 भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए पूर्व सांसद सुनील सोनी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली पार्टी है और ये हम सभी के लिए गौरव की बात है कि हम सभी भाजपा परिवार का हिस्सा है । भाजपा आज सफलता के जिस शिखर पर है इसमें भाजपा की रीति ,नीति और सिद्धान्तों के साथ भाजपा के संस्थापक महापुरुषों के अविष्मरणीय योगदान,राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ राष्ट्र और जनसेवा की भावना का सर्वोपरि होना प्रमुख वजह है । भाजपा का सदस्यता महापर्व आज महासमुन्द जिले में प्रारम्भ हो रहा है और पिछले 10 सालों के बाद अब फिर से नवीन सदस्यता अभियान की शुरुआत हो चुकी है । सुनील सोनी ने कहा कि करोड़ो की संख्या में पूर्व में भाजपा के सदस्य बने हुए थे और हमारे लिए भाजपा से जुड़ने वाले सदस्य महज एक अंक में ही शामिल नही है बल्कि हमारी राष्ट्रवादी विचारधारा का वाहक है । पूर्व सांसद सुनील सोनी ने उपस्थित कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी के परिश्रम,समर्पण,लगन,निष्ठा से भाजपा का इस बार का सदस्यता अभियान पिछले सारे रिकॉर्ड जरूर तोड़ेगा । देश की जनता का समर्थन भाजपा के साथ है और भाजपा है तो भरोसा है ये विश्वास आम जनमानस के मन मे है । पूर्व सांसद ने सदस्यता को भाजपा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए कहा भाजपा का सदस्यता अभियान सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी हो 7 भाजपा एकमात्र ऐसी राजनैतिक दल है जो अपने संगठन के संविधान पर चलती है और सिर्फ सत्ता की प्राप्ति हमारा लक्ष्य नही है भाजपा का संविधान कहता है सत्ता सेवा का बेहतर विकल्प है 7 भाजपा के सदस्य सरकार और संगठन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है । केंद्र में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश में विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार जन जन की विश्वास की कसौटी पर खरी उतरी है । इस जिला का संगठनात्मक कार्य अग्रणी स्थान पर हमेशा रहा है 7 प्रदेश की नवगठित भाजपा सरकार के मुखिया ,मुख्यमंत्री विष्णुदेव जी की सरकार की महिला प्रधान मातृत्व वंदन योजना ने प्रदेश की 70 लाख महिला माता बहनों को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाया है । टोल फ्री नम्बर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके हम भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते है । भाजपा की सरकार के कार्यकाल में 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना,3100 रुपये में 30 लाख किसानों की धान खरीदी ,बोनस ,आवास सहित जनहित की सैकड़ो योजनाएं चल रही है 7 जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को जिले की सदस्यता महापर्व कार्यक्रम को दीपावली पर्व के समान उत्सव और उत्साह से मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिले के सभी 18 मण्डल अध्यक्षो सहित भाजपा के सभी सम्मानीय पदधिकारियोबौर कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने मंडलों के सभी शक्तिकेन्द्र के बूथों में घर घर जनसम्पर्क कर भाजपा की सदस्यता महाभियान को सफलता पूर्वक समयावधि में अवश्य पूर्ण करें । मंचीय कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर और आभार सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी सन्दीप दीवान ने सदस्यता अभियान कार्यक्रम की पूरी संरचना और कार्ययोजना बताते हुए किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा पदाधिकारी पवन वर्मा,मोती साहू ,निरंजना शर्मा सहित भाजपा के प्रदेश ,जिला,मण्डल,मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता ,जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे ।

## भखारा नगर में बिक रही बाल गणेश की प्रतिमाएं

# मूर्तिकार गणेश की प्रतिमाओं को दे रहे हैं अंतिम रूप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भखारा, 5 सितम्बर।** गणेश चतुर्थी पर्व को एक दो दिन शेष है। पर्व से पूर्व मूर्तिकार गणेश भगवान की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। विभिन्न रंगों से प्रतिमाओं को सजीव चित्रण किया जा रहा है। जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है।

भखारा नगर के नजदीक मूर्तिकारो ने गणेशोत्सव को लेकर कुछ मूर्तियां पूरी तरह से तैयार की है तो कुछ को मूर्तिकार अंतिम रूप देने में जुटे है। वहीं इस बार छोटी मूर्तियों की डिमांड ज्यादा है। कई श्रद्धालु भगवान गणेश की मूर्ति खरीदकर ले जा चुके है, तो कई खरीदकर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को 7 सितंबर को स्थापित करेंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं में गणेश चतुर्थी पर्व मनाने को लेकर उत्साह है। भक्तों ने अपने अपने तरीके से गणेशोत्सव मनाने के लिए तैयारी में जुट चुके है।

**मूर्तिकार चार महीने पहले से तैयारी कर देते है शुरू:** मूर्ति का अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार भुनेश्वर कुम्भकार का कहना है कि गणपति पूजा के चार माह पहले से ही मूर्तियां तैयार करने के लिए तैयारी शुरू हो जाती है। उनका कहना है कि आज मूर्ति तैयार करने में लगने वाली सामग्री काफी महंगी है। इसकी वजह से मूर्तियों की उचित कीमत रखी गई है। मूर्ति को तैयार करने में लाल, पीला, हरा, काला व सफेद रंग का इस्तेमाल किया जाता है। मूर्ति बनाने में मिट्टी, पैरा, नारियल रस्सी व लकड़ी आदि का प्रयोग किया जाता है

**विधि विधान से करें भगवान गणेश की पूजा अर्चना:** पंडित हरीश चतुर्वेदी का कहना है कि भाद्रपद शुल्क पक्ष चतुर्थी गणेश प्रकटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। 07 सितंबर शनिवार को श्रीगणेश चतुर्थी है। इस दिन विघ्न विनाशक मंगलकारक गणेश जी का विग्रह का स्थापना किया जाएगा। कन्याओं का वर प्राप्ति के लिए, कर्ज में डूबे लोग कर्ज मुक्ति के लिए जिनका व्यापार नहीं चल रहा, व्यापार बढ़ाने के लिए, शत्रु विनाश, सुख शांति व विद्या प्राप्ति के लिए सर्व कल्याणकारी विघ्नहर्ता विघ्न गणेश का पूजन किया जाता है। भगवान को प्रतिदिन लड्डू का भोग लगाए। न तो चूहों को मारे न ही कष्ट पहुंचाए। श्रीगणेश की 12 नामों का पाठ अवश्य करें।

## समाचार संक्षेप

### सिमगा में अखंड रामनाम सप्ताह समापन के साथ दही हांडी लूट



**सिमगा, 5 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह के समापन के सांथ ही दही हांडी लूट का आयोजन हुआ। पोला त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के अति प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर में अखण्ड रामनाम सप्ताह का समापन के सांथ ही आज किसानों एवं बच्चों का पर्व पारंपरिक पोला त्यौहार श्रद्धा भक्ति के सांथ मनाया गया। यह अखण्ड रामनाम सप्ताह 115, वां वर्ष है। पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार नगर में पोला त्यौहार के दिन ही दही हांडी लूट का आकर्षक कार्यक्रम होता है नगर के प्रमुख चौक चौराहों में दही हांडी लूट की हांडी है और लगातार आयोजन चल रहे हैं ग्वाल के कंधे पर बैठे भगवान श्रीकृष्ण दही हांडी को फोड़कर उसका प्रसाद भक्तों को वितरण कर रहे हैं, , बड़ा ही मनमोहक और भक्ति भाव पूर्ण दृश्य देखने को मिल रहा है। सांथ ही भजन मंडली के आगे आगे भगवान की राधा कृष्ण बलराम की छोटे छोटे बच्चों से सुसज्जित जीवंत झांकी निकाली गई और माहौल काफी उल्लास पूर्ण भाव विहोर रहा है दही लूट के काफिले के सांथ सैकडों की संख्या में युवाओं की टोली चल रही है। सांथ ही नगर में मिट्टी और लकड़ी के आकर्षक ढंग से बने खिलौने बैल, जांता, चक्की, एवं पशुधन की भाक्ति भाव से पूजा अर्चना करते हुए बच्चे एवं बड़ो, ने छत्तीसगढ़ के पोला त्यौहार को परंपरागत रुप से मनाया गया। इस त्यौहार में परंपरा गत रुप से छत्तीसगढ़ी पकवान के रुप में खासकर ठेठरी, खुरमी, खारा लम्बा और गोल आकार का बेसन सेव का विषेश महत्व है।

### अदाणी फाउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर का 400 से अधिक ग्रामीणों ने उठाया लाभ




**तिल्दा-नेवरा, 5 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा शनिवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरा के मंगल भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में राजधानी रायपुर के मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल से आए अस्थि आरोग्य, हृदय आरोग्य, स्त्री आरोग्य, और औषधि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सकों द्वारा शिविर में विभिन्न बीमारियों से परेशान लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांचकर दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर में ग्राम पंचायत मुरा सहित, मोहरेंगा, बंगोली, खौली डबरी और भाटापारा के कुल 428 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में ग्राम मुरा की सरपंच कांति वर्मा, प्रतिनिधि लाकेश्वर कौशले, राजकुमार मंडल (हेड सिक्योरिटी), अदाणी फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार सिंह सहित अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर ग्राम सरपंच और स्थानीय निवासियों ने अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास की प्रशंसा की। अदाणी फाउंडेशन, अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर की सामुदायिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए सयंत्र के नजदीक से लगे ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में सुधार के लिए पहल करता है। जिनमें गांवों के मेधावी छात्रों को नवोदय कोचिंग के माध्यम से अबतक 70 बच्चों का नवोदय स्कूल, माना, रायपुर में प्रवेश कराकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का एक सफल प्रयास किया है।


**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202407140100014/ अ-21(2)/सन् 2023-24 ग्राम- चारामा

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार सिन्हा पिता झाडुराम सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम नयापारा अंतागढ़ जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत भूमि स्वामी हक की आवासीय प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 1127/5 रकबा 0.02 हेक्टेयर है को पारिवारिक खर्च के लिए रूपयों की आवश्यकता हेतु क्रेता श्रीमती कांति देवांगन पति सत्यनारायण देवांगन जाति कोष्टा निवासी बाजार पारा चारामा तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 20.09.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
चारामा


## एक नजर

### विधि महाविद्यालय में ग्रीन आर्मी ने दिया पर्यावरण प्रशिक्षण



**भाटापारा, 5 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा में ग्रीन आर्मी भाटापारा द्वारा, पर्यावरण प्रशिक्षण संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में समाज सेवी डा.अरूण छाबडा ( बंटी ) संयोजक ग्रीन आर्मी आर. पी पटेल, वीणा साहू (समाज सेविका एवं लोक कलाकार) सीमा मल, सुनील दुबे, द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक एवं पर्यावरण प्रदूषण पर रोक और पर्यावरण प्रदूषण के उपाय के विषय पर प्रकाश डाला गया, कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋषि राज पांडे इतिहास विभाग द्वारा किया गया अतिथियों का स्वागत और महाविद्यालय की गतिविधियों का परिचय प्राचार्य डॉ. रीता दीवान द्वारा किया गया समापन वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. निधि मिश्रा ने अपने उदबोधन के साथ किया। अंत में महाविद्यालय के छात्र तथा छात्रा अजय कुमार (सप्त. सेम.) एवं रीना साव (सप्त. सेम.) को ग्रीन आर्मी प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रो. ललित कुमार, प्रो. दिलीप कुमार सोनी, अतिथि व्याख्याता डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, अमन पाठक, एवं श्रीमति अफरोज कुरैशी, आशीष तिवारी एवं कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### तहसील कार्यालय भखारा में किया गया पौधरोपण



**भखारा, 5 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भखारा तहसील कार्यालय में तहसीलदार भूपेंद्र चंद्राकर व अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद शारदा लोकनाथ साहू के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया, जिसमे जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू जी के सुपुत्र चुरन लाल साहू के द्वारा ट्री गार्ड की व्यवस्था की गयी।इस वृक्षारोपण में फलदार व छायादार पौधा लगाया गया, उक्त कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा विनोद साहू, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री होमेन्द्र साहू, अधिवक्ता जितेंद्र तेलासी, दुलार सिन्हा, लोकेन्द्र साहू, पुखराज, द्रोण कुमार, चम्मन साहू, एवन साहू, दयाराम साहू व अन्य आमजन एवं तहसील स्टॉफ उपस्थित थे।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए बलौदाबाज़ार तहसील का किया गया चयन

**बलौदाबाजार, 5 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु जिले के बलौदाबाज़ार तहसील का चयन किया गया है। इस हेतु बलौदाबाजार तहसील के सभी राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को तहसील कार्यालय स्थित सभाकक्ष में डिजिटल क्रॉप सर्वे टीका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में मार्गदर्शन हेतु ओआइसी लैंड रिकार्ड, एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एसएलआर, एएसएलआर उपस्थित रहे।

## सिकासार बांध से सिचाई को लेकर बिंद्रानवागढ़ की सियासत गर्म,बैठकों का दौर शुरू

# 21 ग्रामों के किसानों ने कहा-सिंचाई के लिये पानी नहीं मिलने पर करेंगे विरोध

■ सिकासार बांध से कोड़ार बांध तक पानी पहुंचाने सर्वे की मिली स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 5 सितम्बर।** सिकासार बांध से महासमुंद के कोड़ार बांध तक पानी पहुंचाने के लिये सर्वे कि स्वीकृति मिलते ही बिंद्रानवागढ क्षेत्र कि सियासत गर्म होने लगी है रसेला, पिपरछेड़ी क्षेत्र के 21 ग्राम के लोगो ने रविवार को पिपरछेड़ी के वन विभाग के विश्रामगृह मे बैठक कर इलाके के किसानो के खेतो मे सिचाई के लिये पानी नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन करने कि रणनीति पर सहमति जताई है, दरअसल सिकासार बांध से महासमुंद के कोड़ार बांध तक पानी पहुंचाने के लिये सर्वे कार्य के लिये कि स्वीकृति मिल चुकी है इधर 21 ग्राम के सैकड़ो लोगो ने बैठक के पूर्व सेवा दल के कार्यक्रम मे पहुंचे बिंद्रानवागढ के विधायक जनक ध्रुव से मुलाक़ात बताया कि रसेला, पिपरछेड़ी क्षेत्र के 21 ग्राम के लोग वर्षो से शिकासार बांध से केनाल के माध्यम से पानी सिचाई के लिये आंदोलन कर रहे है लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, ग्रामीणों का कहना है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र मे बने सिकासार बांध के पानी से राजीम विधानसभा क्षेत्र मे पानी दिया जा रहा है लेकिन जिस क्षेत्र मे बांध बना है वहा के किसानों को बांध से कोई लाभ नहीं मिल रहा है अब शासन के द्वारा सिकासार बांध के पानी को महासमुंद जिले के कोड़ार बांध तक पहुंचाने जे लिये सर्वे का कार्य किया जा रहा है कोड़ार बांध तक पानी पहुंचाने के लिये हमारे जंगल को काटा जायेगा साथ ही इलाके से होकर गुजरने वाले किसानों कि जमीन का भी अधिग्रहण किया जायेगा लेकिन क्या कोड़ार बांध तक पानी पहुंचाने वाले इस परियोजना से क्षेत्र के किसानो को सिचाई के लिये पानी मिलेगा यह अधिकारी स्पष्ट करे जिसके लिये 6 सितंबर को को 21 ग्राम के प्रतिनिधि मंडल जल संसाधन विभाग के आला अधिकारियो से मिलकर चर्चा करेंगे, अगर इस परियोजना से क्षेत्र के किसानो को सिचाई के लिये पानी नहीं मिलेगा तो क्षेत्रवासी इस परियोजना का पुरजोर विरोध करेंगे,

### क्या है सिकासार से कोड़ार बांध लिंक परियोजना

सूत्रों कि माने तो गरियाबंद जिले के सिकासार बांध से महासमुंद जिले के कोड़ार बांध को भरने विभाग द्वारा अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाकर सिर्फ बारिश के दिनों मे जो सिकासार जलाशय का वेस्टेज पानी को इस लिंक के माध्यम से कोड़ार बांध तक पानी पहुंचाना है सिकासार फ़ेर्ट का 52 से 60 प्रतिशत अतिरिक्त जल कि संभावना पहले या बाद मे होती है विभाग का मानना है कि सिकासार बांध का 25 हजार क्यूसेक पानी समुद्र मे मिल जाता है इसे पानी का अतिरिक्त जल भराव कह सकते है जो बांध कि जल भराव क्षमता के अतिरिक्त होता है!

### सिकासार बांध के वेस्टेज पानी से कोड़ार बांध को भरना

पूर्व सांसद चुन्नीलाल लाल साहू का ड्रीम प्रोजेक्ट गरियाबंद जिले के सिकासार कोड़ार लिंक प्रोजेक्ट महासमुंद संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू का ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जाता है पिछले दो तीन वर्षो से उन्होंने इस परियोजना कि मंजूरी के लिये बहुत प्रयास किया उनका मानना है सिकासार बांध से बारिश के समय का वेस्टेज पानी केनाल के माध्यम से महासमुंद के कोड़ार बांध तक पहुंचेगा कोड़ार बांध मे पर्याप्त जल भराव से महासमुंद जिले के एक बड़े रकबे को अकाल से मुक्ति मिलेगी!

### बिंद्रानवागढ विधायक ने कहा इसी को कहते है दिया तले अंधेरा

विधायक जनक ध्रुव का कहना है कि यह बांध बिंद्रानवागढ मे बना है लेकिन इस क्षेत्र मे बांध का लाभ इस क्षेत्र के लोगो को नहीं मिल रहा है इस बांध के पानी के पानी से राजीम क्षेत्र के किसानों को पानी दिया जा रहा है जबकि पहली प्राथमिकता स्थानीय क्षेत्र के किसानो को दिया जाना चाहिये था शासन द्वारा अब वर्षो से संघर्ष कर रहे किसानों को पहली प्राथमिकता देने के बजाय इस बांध के पानी को महासमुंद जिले के कोड़ार बांध को भरने कि तैयारी कर रही है तो इसका विरोध होना तो स्वाभाविक है।

# विधायक ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री से भाटापारा को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 5 सितम्बर।** विधायक इन्द्र साव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर विगत माह स्वीकृत बलौदाबाजार-रायपुर राष्ट्रीय राज मार्ग का विस्तार कर बलौदाबाजार से व्हाया भाटापारा होते हुए रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राज मार्ग के नांदघाट (लिमतरा) तक जोड़ने के लिए मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें 45 किमी. तक फोर लेन सड़क निर्माण के अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है।

मांग पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ के जिला-रायपुर से जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा तक फोर लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है जो कि रायपुर एवं बलौदाबाजार के आम जनता के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, इसके साथ ही इसी से जुड़े जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा से लेकर रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग स्थित नांदघाट तक जोड़ते हुए लगभग 45 कि.मी. फोर लेन सड़क निर्माण कार्य की अत्यंत ही आवश्यकता है, इसके निर्माण हो जाने से जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के लोग छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों व प्रदेश के अन्य स्थानों तक कम समय में आवागमन कर सकेंगे, इस संबंध में यह भी अवगत कराया गया की जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में सीमेंट निर्माण एवं स्पंज आयरन व लगभग 511 विभिन्न प्रकार के अन्य उद्योग स्थापित है, यहां से निर्मित एवं उत्पादित वस्तुएं प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों तक ट्रकों के माध्यम से भेजे जाते है। जिसके लिए यहां पर हजारों की संख्या में भारी वाहन (ट्रके) चलते है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए जो सड़क निर्माण कराया गया है, जिसकी क्षमता पर्याप्त नहीं है।

भारी माल वाहनों के आवागमन से अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए, फोर लेन सड़क निर्माण कार्य की अत्यंत आवश्यकता है।

वर्तमान में भाटापारा राष्ट्रीय राज मार्ग से वंचित है, औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। एक ओर भाटापारा से नांदघाट 17 किमी. की दूरी तय करना पड़ता है, दूसरी ओर राष्ट्रीय राज मार्ग के लिए भाटापारा से बलौदाबाजार 25 किमी. की दूरी तय करना पड़ेगा उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराया गया। जिस पर मंत्री द्वारा प्रेषित पत्र में संबंधित अधिकारी को जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया गया है।

### उल्टी-दस्त से परेशान ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची अंवरी

**भखारा, 5 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इन दिनों ग्राम अंवरी में ग्रामीण उल्टी दस्त से परेशान है जिसे देखते हुए तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंचकर पानी की जाँच किए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. यू.एस नवरत्न, सीएचसी कुरुद से बीपीएम रोहित पाण्डेय, बीई ठाकुर, मितानिन रतनी बाई, मोतिम यादव, भानुमति मितानिन, आरएचओ जानेश्वरी बंजारे, भुनेश्वरी, चित्ररेखा कुर्रे, बीएल साहू सुपरवाइजर, दसरथ ध्रुव, झरना सरकार, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ सुरेंद्र साहू सहित सरपंच, सचिव एवं पंचगणों ने घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वे किया साथ ही टीम के द्वारा पानी सप्लाई का भी जाँच किया गया आज स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जांच करने के लिए कैंप लगाया गया!




## गणेशोत्सव पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित

# थाना प्रभारी, प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज प्रमुखों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 5 सितम्बर।** गणेश पर्व पर शांति व सौहाद्र बधाए रखने हेतु आज दिनांक 04.09.2024 को थाना सिमगा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे सिमगा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंशुल वर्मास तहसीलदार सिमगा सहित, सिमगा नगर के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधीगण एवं समाज प्रमुख शामिल हुए। बैठक के दौरान उपस्थित 18 की संख्या में उपस्थित गणेश समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए पर्व के लिए जारी एडवाइजरी की जानकरी दी गई, जिसमे बताया गया कि गणेश पंडाल रोड में न बनाया जाए, वाटरप्रूफ पंडाल बनाये जाए, थाने में समिति सदस्यों के नम्बर दर्ज कराए, पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, बिजली के खुले तारो में टेपिंग अनिवार्य रूप से कराए जाने, साथ ही नियत तिथि में ही गणेश जी प्रतिमा का विसर्जन करने एव रात के वक्त लाउड स्पीकर या डीजे नही बजाने के भी निर्देश दिए गए है। वही कोई भी व्यक्ति नशे के हालात में पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए है।

16 सितम्बर को होने वाले ईद मिलादुन्नबी पर्व व 17 सितम्बर को आयोजित विश्वकर्मा जयंती पर्व को लेकर भी मौजूद अधिकारियों ने शांति पूर्ण त्योहार मनाने की अपील की है। बैठक में तहसीलदार नीलमणि दुबे, थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे, सीएमओ यसवंत वर्मा, नायब तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, गणेश समिति के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा पत्रकार गण मौजूद रहे।




**कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**//मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/158/NIT NO. 06/जि.नि.स./2024-25 सुकमा, दिनांक 02/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Construction of Salatong to Godrajpad Road up to GSB Level (2.30km) | 96.88 | 16/09/2024 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवाश्यक शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी:-
**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

सहा. नोडल अधिकारी
(कार्य.अभि.ग्रा.स.वि. अभि.)
जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)

जी- 242502195/4

# नगरीय निकाय चुनाव में विलंब होने के आसार

## मतदाता सूची में लगा आरक्षण का पेंच

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 सितम्बर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं करने के कारण अब इस चुनाव में विलंब होने की आशंका है। इधर आरक्षण के लिए गठित समिति की अनुशंसा नहीं आई है। इसके चलते अब आरक्षण का पेंच भी लग गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुको द्वारा जातिगत आरक्षण के माले को लेकर निर्देश जारी करने के बाद राज्य शासन ने एक आयोग गठित किया है जिसके अध्यक्ष विश्वकर्मा बनाए गए हैं। यह कमेटी फिलहाल अनेक जिलों का दौरा कर रही है। इसके अन्य सदस्यों ने भी अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जाता है कि यह कमेटी प्रत्येक वार्ड में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग का अध्ययन करेगी, इसी आधार पर वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चूंकि शासन के पास 2011 का डाटा उपलब्ध है इसलिए नई गणना नहीं हो पा रही है। वार्डों के आरक्षण को नए सिरे से करना होगा क्योंकि वार्डों का नया परिसीमन हुआ है। रायपुर नगर निगम में 9 अनुसूचित जाति एवं तीन जनजाति के लिए आरक्षित वार्ड हैं। वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया जनसंख्या का आधार होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार आरक्षण को लेकर अलग-अलग सरकार के नियम एवं अधिनियम हैं। सरकार द्वारा एक आयोग का गठन किया गया है। इसकी रिपोर्ट 30 सितम्बर तक आनी है। अधिकारियों से पूछा गया कि पिछले चुनाव में सितम्बर माह में वार्डों का आरक्षण कर लिया गया था लेकिन इस वर्ष चुनाव में अभी तक मतदाता सूची की पुनरीक्षण का काम शुरू नहीं हुआ है। ज्ञात रहे नगरीय निकाय चुनाव निर्धारित समय के अनुसार दिसम्बर तक पूरा करा लिया जाना है लेकिन मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम नहीं होने से सभी वर्गों में बेचैनी है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार सही वक्त पर चुनाव कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### दावेदार परेशान

नया परिसीमन होने के बाद वार्ड का चुनाव लड़ने वाले सभी संभावित दावेदार मतदाता सूची पुनरीक्षण के पश्चात आरक्षण का इंतजार कर रहे हैं। महापौर से लेकर पार्षद तक का चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनावी रणनीति बनाएंगे। फिलहाल संभावित दावेदार अपने-अपने वार्डों में अलग-अलग कार्यक्रम में जाकर शिरकत कर रहे हैं। गणेशोत्सव तथा अन्य कार्यक्रमों में जमकर चंदा भी बांट रहे हैं।

# प्रदेश की सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में बिछेगा सहकारी समितियों का जाल

- ■ 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना होगी साकार सहकारी समितियों को मल्टीपेक्स के रूप में किया जाएगा विकसित
- ■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर सहकारिता सचिव की बैठक

**रायपुर, 5 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना साकार होने जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य के सभी 11 हजार 600 से अधिक ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का जाल बिछाया जाएगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना एवं श्री कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने नवा रायपुर स्थित आपेक्स बैंक के सभागार में बुधवार को संबंधित विभागों सहित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सचिव डॉ. प्रसन्ना और आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने पंचायतवार, पेक्स, मत्स्य समिति और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों के चिन्हांकन कर सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्राम पंचायत जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी छह-छह माह इस तरह डेढ़ वर्ष का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मबजूत करने तथा इन पेक्सों में मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे किसानों, गरीबों और मजदूरों के समय और पैसे की बचत होगी।

## शोरूम के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** मेग्रेटो मॉल के सामने हुंडई शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया आंचल यादव 33 वर्ष रावतपुरा कालोनी मठपुरैना की रहने वाली है। प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनयू 4238 को मेग्रेटो मॉल के सामने हुंडई शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दुकान का ताला टूटा, हजारों का सामान पार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** लालपुर स्थित ग्लोबल टाइल्स का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नगदी सहित दोपहिया वाहन व मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनेन्द्र सिंह 28 वर्ष रावतपुरा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी का लालपुर में ग्लोबल टाईल्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे 3 नग मोबाइल कंपनी, दोपहिया वाहन, ग्राइन्डर मशीन और नकदी 8 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26